# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 263 । भोपाल, शुक्रवार 22 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



एनजीटी ने मुख्य सचिव पर लगाया जुर्माना किया माफ — पृष्ठ 3
- इस बार के इवेंट में आधी आबादी केंद्र में
- खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव — पृष्ठ 4
- कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में उमड़ा सैलाब — पृष्ठ 6
छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश में कर रही चुनाव लड़ने की तैयारी — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### मोदी राजस्थान में वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी



**जयपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर–जयपुर मार्ग पर चलेगी, अधिकारियों ने कहा कि यह राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी जो 25 सितंबर से राज्य में नियमित रूप से चलेगी। हालांकि यह ट्रेन 26 सितंबर को नहीं चलेगी। ट्रेन उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर सहित राज्य के पांच जिलों से होकर गुजरेगी और रास्ते में किशनगढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, चंदेरिया, मावली जंक्शन और राणा प्रताप नगर स्टेशनों पर रुकेगी।

### सुप्रीम कोर्ट में ज्योति जगताप की जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक्टीविस्ट ज्योति जगताप की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। वो भीमा कोरेगांव मामले में लगाए गए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में हैं। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने जगताप की ओर से पेश वकील अपर्णा भट्ट को मामले में जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। पीठ ने आदेश दिया कि याचिका पर आगे की सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

### डीजीसीए ने 57 एयरपोर्ट्स पर नए नियम लागू किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीजीसीए ने गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप, 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक सर्विस में लगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसीओ) के लिए वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन और बाकी जरूरतों के संबंध में नये नियम लागू कर दिए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि हितधारकों के साथ निकट समन्वय में नियामक के ठोस प्रयासों के कारण नियमों को लागू करना विमानन सुरक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करने की डीजीसीए की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 5 करोड़ की लूट का मास्टरमाइंड कन्याकुमारी से गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ में गुजरात के कारोबारी से 21 जून को हुई 5 करोड़ रुपए की लूट के मास्टरमाइंड खिरोधर साव उर्फ गुलाब साह को पुलिस ने कन्याकुमारी से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 77 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं। इस मामले के छह आरोपियों को दो महीने पहले ही गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से 3 करोड़ 24 लाख रुपए बरामद किए गए थे। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार ने एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। लूट की घटना जमुआ–गिरिडीह मुख्य मार्ग के बाटी मोड़ के पास 21 जून की रात हुई थी। गुजरात निवासी जगत सिंह जडेजा और उनके सहयोगी मयूर सिंह क्रेटा एसयूवी कार में 5 करोड़ रुपए लेकर पटना से कोलकाता जा रहे थे। गिरिडीह के जमुआ थाना अंतर्गत बाटी मोड़ के पास अपराधियों ने ओवरटेक कर गाड़ी रुकवाई और रकम लूट ली थी।

### हाईकोर्ट ने सहकारी घोटाले में सीबीआई जांच पर आदेश बरकरार रखा

**कोलकाता, एजेंसी।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को एकल–न्यायाधीश पीठ के पहले के आदेश को बरकरार रखा जिसमें पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में एक सहकारी समिति द्वारा कथित मनी लॉन्ड्रिंग की सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। 25 अगस्त को, कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने 25 अगस्त को अलीपुरद्वार में नकद ऋण देने वाली सहकारी समिति के खिलाफ आरोपों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया। यह आदेश सर्किट बेंच में कल्पना दास सरकार द्वारा दायर एक याचिका पर आधारित था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सहकारी समिति ने पहले निवेशकों से भारी मात्रा में जमा राशि एकत्र की और फिर उससे जुड़े लोगों को ऋण के रूप में पैसा वितरित किया। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की बेंच ने 15 सितंबर को मामले से जुड़े जांच कागजात सीबीआई को सौंपने के आदेश का पालन नहीं करने पर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई और 50 लाख रुपए का आर्थिक जुर्माना लगाया।

---

विधेयक पारितः राज्यसभा में बोले मल्लिकार्जुन खड़गे

# महिला आरक्षण तुरंत लागू करें

### नड्डा का जवाब, सरकार नियमों से काम करती है





**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पारित कर दिया गया। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए।

इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा– ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। लेकिन उन्हें बीच में कांग्रेस प्रेसिडेंट और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने टोक दिया। ये उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देखा तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता खड़गे कुछ बोलना चाहते हैं। खड़गे ने नारी वंदना शक्ति अधिनियम बिल के क्रियान्यवयन में होने वाले देरी को लेकर संत कबीर दास का दोहा कहा, 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब. पल में प्रलय होएगी, बहुरि करेगा कब है।' जेपी नड्डा ने राज्यसभा में बृहस्पतिवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल पारित हो जाता है तो 2029 में लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं की मौजूदगी सुनिश्चित हो जाएगी। नड्डा ने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने जो रास्ता चुना है, वह सबसे छोटा और सही रास्ता है। विपक्षी दलों के विधेयक को अभी ही लागू किए जाने की मांग का ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### *मोदी ने सभी दलों के सांसदों का जताया आभार*

***नई दिल्ली, एजेंसी।*** *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोक सभा में सभी सांसदों, सभी राजनीतिक दलों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि बुधवार भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल था। इस सदन के सभी सदस्य उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं।*

### लोक सभा में चीन पर भिड़े अधीर व राजनाथ





**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन पर चर्चा को लेकर लोक सभा में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। चौधरी के चीन पर बहस करने की चुनौती का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चीन पर चर्चा के लिए पूरी हिम्मत है और वे सीना चौड़ा कर चर्चा के लिए (चीन पर) तैयार हैं। दरअसल, राजनाथ सिंह गुरुवार को लोक सभा में चंद्रयान-3 की सफलता और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की अन्य उपलब्धियों पर सरकार की तरफ से बोल रहे थे। उनके भाषण के बीच में ही अधीर रंजन चौधरी ने उनसे पूछा कि, क्या चीन पर चर्चा करने की हिम्मत है? राजनाथ सिंह ने अधीर रंजन चौधरी को जवाब देते हुए कहा, पूरी हिम्मत है, पूरी हिम्मत है। इस बीच अधीर रंजन चौधरी सहित कई विपक्षी सांसदों ने पूछना शुरू कर दिया कि चीन ने हमारे देश की कितनी भूमि पर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे कांग्रेस नेता

# कुलियों से बात कर राहुल ने उनकी समस्याएं जानी



सिर पर सामान उठाया, पोशाक भी पहनी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां एक रेलवे स्टेशन का दौरा कर और कुलियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं पर बात कर एक बार फिर लोगों को चौंका दिया। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए।

गांधी ने उनसे विस्तार से बात की और उनके सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की। कांग्रेस नेता का दौरा कुछ महीनों बाद हो रहा है, जब कुछ कुलियों ने उनसे उनके मुद्दों को समझने और उनके उत्थान के लिए काम करने के लिए उनसे मिलने का आग्रह किया था। अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, 'आज दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर काम करने वाले कुली भाइयों से मुलाकात हुई। मेरे मन में भी ये इच्छा बहुत दिनों से थी और उन्होंने मुझे बहुत प्यार से बुलाया भी था और भारत के मेहनती भाइयों की इच्छा हर कीमत पर पूरी होनी चाहिए।'

### राहुल से मिलने की इच्छा जताई थी

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक ट्वीट में कहा, 'जनता के नेता राहुल गांधी ने आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर अपने कुली साथियों से मुलाकात की। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और उनकी बातें सुनीं। भारत जोड़ो यात्रा जारी है। कांग्रेस नेता ने पिछले कुछ महीनों में आम लोगों के बीच जाकर लोगों को चौंका दिया है। राहुल ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

## भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित कर दीं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे राजनयिक ईकाई को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज निलंबित की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।

- भारत के राजनयिकों को को मिल रही धमकी
- सरकार ने सुरक्षा कारणों से यह फैसला किया

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच कनाडा ने भारत में अपने राजनयिक मिशनों में राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा कि भारत में उसका दूतावास और वाणिज्य महादूतावास काम करते रहेंगे। यहां कनाडा के उच्चायोग ने गुरुवार को कहा कि उसके विदेश विभाग ने 'वर्तमान वातावरण' में अपने राजनयिकों के लिए भारत में बढ़ते खतरे को देखते हुए इस देश में काम करने वाले अपने अधिकारियों की संख्या को 'समायोजित' (कम) करने का निर्णय किया है। इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कनाडा में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। जिसमें कहा गया था– कनाडा में जारी भारत विरोधी एक्टिविटीज के मद्देनजर वहां रहने वाले या वहां की यात्रा पर जाने वाले नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वो बहुत सतर्कता बरतें।

## दिल्ली में केजरीवाल के हाथों ममता मीना ने ली आप की सदस्यता



**गुना, देशबन्धु।** टिकट वितरण से नाराज चांचौड़ा की पूर्व विधायक ममता मीना ने गुरुवार को दिल्ली पहुंचकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष आम आदमी पार्टी का थामन थाम लिया। चांचौड़ा में भाजपा द्वारा टिकट वितरण से नाराज होकर श्रीमती मीना ने बगावती सुर अपनाते हुए आप पार्टी से अपने दावेदारी ठोंक दी है। इसी के साथ अब चांचौड़ा में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। इसके पूर्व विगत दिवस श्रीमती मीना ने विधानसभा क्षेत्रभर में जनादेश यात्रा निकाली। वहीं भोपाल पहुंचकर टिकट वितरण तथा पार्टी में उपेक्षा से नाराज होकर अपने समस्त पदों से इस्तीफा दे दिया था। इसी के साथ उनकी आप में जाने की अटकलें लगाई जा रही थी। गुरुवार को ममता मीना और उनके पति पूर्व आईपीएस रघुवीर सिंह मीना ने दिल्ली में सीएम केजरीवाल के समक्ष आप पार्टी की सदस्यता ली। यहां केजरीवाल ने दोनों को आप पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

---

मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का किया अनावरण, कहा–

# आदि शंकराचार्य के दर्शन में है वैश्विक समस्याओं का हल



**भोपाल, देशबन्धु।** वैश्विक समस्याओं का हल आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में उल्लेखित एकात्मवाद में है, 'वसुधैव कुटुम्बकम्' भारत का आदर्श विचार है, एक ही चेतना सभी मनुष्यों–प्राणियों में व्याप्त है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में सिद्धवरकूट क्षेत्र में ब्रह्मोत्सव को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम भारत की सनातनी परम्परा और एकता के विचार को अभिव्यक्त करने का कार्य करेगा।

श्री चौहान ने कहा कि तुलसी, कबीर और अन्य संतों एवं विचारकों ने मानव–कल्याण को ही सर्वोपरि माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में आज ऐसे अद्वैत लोक के लिए भूमि–पूजन हुआ है जो आने वाली पीढ़ी को इस दर्शन की जानकारी देकर भविष्य संवारेगा। अद्वैत लोक से एकात्मता और शांति का संदेश दुनिया भर में जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगतगुरू शंकराचार्य 8 वर्ष की आयु में करीब 1675 किलोमीटर की यात्रा कर ओंकारेश्वर पहुंचे थे। यहां उन्होंने दीक्षा प्राप्त की। शंकराचार्य जी थे, तभी आज भारत है। श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2016 में सिंहस्थ महाकुम्भ के दौरान नर्मदा सेवा ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### संतों के साथ किया प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री सहित विभिन्न राज्यों से आए संतों ने आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा सिद्धवरकूट में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री और संतों ने 3 प्रकाशन का विमोचन किया। न्यास द्वारा युवाओं को एकात्म और अद्वैत के विचार से जोड़ने के लिए कई गतिविधियां की गईं। इनमें शिविर भी हुए जिस पर केंद्रित पुस्तक 'अद्वैत युवा जागरण शिविर और विजय मनोहर तिवारी की लिखी पुस्तक 'एकात्म धाम और स्वप्न से शिल्प' तक ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### प्रतिमा विश्व शांति का देगी संदेश

खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में मांधाता पर्वत पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संत समुदाय के साथ आदि गुरु शंकराचार्य की अष्टधातु से निर्मित 108 फीट ऊंची एकात्मता की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने मांगलिक अनुष्ठान के साथ 2 हजार 2 सौ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अद्वैत–लोक का शिलान्यास किया। श्री चौहान ने यहां कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य की एकात्मता की प्रतिमा विश्व को शांति और एकता का संदेश देगी। इस अवसर पर खण्डवा जिले की प्रभारी मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, स्वामी अवधेशानंद गिरी, स्वामी परमात्मानंद, स्वामी स्वरूपानंद, स्वामी तीर्थानंद सहित देश–भर से आए लगभग 5 हजार साधु–संत उपस्थित थे। अनावरण के बाद मुख्यमंत्री ने उपस्थित साधु–संत, संन्यासियों और विद्वानों को भोजन के लिए आमंत्रित कर अन्नपूर्णा लेकर आए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ, पूज्य साधु–संत, संन्यासियों तथा विद्वानों को भोजन परोसा।

---

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

# आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं

### 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही किए जा चुके अपलोड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मतदाता पंजीकरण (संशोधन) नियम 2022 के तहत आधार संख्या को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा सूचित किया गया था कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि वह फॉर्म में स्पष्टीकरण परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 2022 के नियम 26–बी के तहत आधार संख्या



जमा करना अनिवार्य नहीं है। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग को फॉर्म–6 (नए मतदाताओं के लिए आवेदन पत्र) और फॉर्म–6बी (चुनावी उद्देश्यों के लिए आधार संख्या की जानकारी का पत्र) में संशोधन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इसमें कहा गया है कि मौजूदा फॉर्म मतदाता को आधार प्रदान करने के लिए मजबूर करते हैं, हालांकि चुनाव आयोग का दावा है कि आधार विवरण जमा करना स्वैच्छिक है।

अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारियों पर मतदाताओं की आधार संख्या एकत्र करने के लिए जोर दे रहा है और राज्य अधिकारी गांव और बूथ स्तर के अधिकारियों पर मतदाताओं से आधार संख्या एकत्र करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसमें दावा किया गया कि जमीनी स्तर के अधिकारी मतदाताओं को अपने आधार नंबर जमा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं और मतदाताओं को धमकी दे रहे हैं कि यदि आधार कार्ड नंबर प्रदान नहीं किया गया तो मतदाता वोट खो देंगे।

### कावेरी जल प्राधिकरण के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा पारित निर्देशों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें कर्नाटक को 13 सितंबर से 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) दोनों में जल संसाधन प्रबंधन और कृषि के क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं और उन्होंने सभी प्रासंगिक मुद्दों पर विचार किया है। बेंच ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी ने जिन कारकों पर विचार किया, उन्हें 'अप्रासंगिक' या 'विवादास्पद' नहीं कहा जा सकता।

सार समाचार

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्र और आहार अनुदान योजना शिविर का किया निरीक्षण



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी द्वारा विधानसभा क्षेत्र गुना अंतर्गत के मतदान केंद्र क्रमांक 193 हिलगना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्र पर बीएलओ एप्प पर मतदाताओं के शत प्रतिशत सत्यापन का कार्य किया जा रहा हैं और डोर टू डोर सर्वे करना भी पाया गया।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही आज ग्राम पंचायत स्तर पर सहरिया आहार अनुदान योजना के तहत विशेष शिविर लगाए गए हैं। जिसके तहत आहार अनुदान योजना से संबंधित हितग्राहियों के खाता का ई-केवायसी कराया जा रहा हैं और इस संबंध में समस्याओं को चिन्हित कर निराकरण की कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान सहरिया महिलाओं को खाद्यान, लाडली बहना आवास, लाडली बहना गैस सिलेंडर में छूट के लिए ऑनलाइन कार्य की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की गई और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गुना ग्रामीण तहसीलदार कमल मडेलिया सहित ग्राम पंचायत सचिव और महिला हितग्राही उपस्थित रही।

### अस्पताल में पैसा लेकर डिलेवरी कराने का खेल जारी, दर्द से तड़पती रही प्रसूता

# महिला डॉक्टर ने 30 हजार मांगे, परिजनों ने किया हंगामा





**गुना, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में गुरुवार को एक प्रसूता की डिलेवरी कराएं जाने के नाम पर महिला डॉक्टर एवं स्टॉफ द्वारा पैसा मांगने का सामने आया है। पैसे लेकर डिलेवरी कराने का खेल लगभग जिले की हर अस्पताल में हर दिन चल रहा है। बिना पैसे दिए प्रसूति गृह का स्टॉफ दर्द से तड़पती जच्चा को देखती तक नहीं है। गुरुवार को झागर निवासी एक प्रसूता और उसके परिजनों से महिला डॉक्टर एवं स्टॉफ द्वारा पहले से तय पैसे से अचानक तीन गुना पैसे मांगनें पर जमकर विवाद हुआ। डॉक्टर और स्टॉफ ने महिला तथा उसके परिजनों को इतना परेशान किया कि प्रसूति की स्थिति में महिला को पुलिस चौकी जाना पड़ा।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को माता मूडरा निवासी राजकुमारी पत्नी अंकित योगी का इलाज डॉ. आभा शर्मा के यहां पिछले कई महीनों से चल रहा था। परिजनों के अनुसार डॉक्टर आभा शर्मा ने राजकुमारी और उसके पति अंकित से बोल रखा था आपकी डिलीवरी मैं सरकारी अस्पताल में करा दूंगी और जिसका खर्चा 10 हजार रुपए आएगा। जिस पर परिवारजन तैयार हो गए। समय पूरा होने पर बुधवार शाम को राजकुमारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार को उनका ऑपरेशन होना था जैसी वह ओटी में पहुंची तो डॉक्टर आभा शर्मा द्वारा सीधे तीन गुना पैसे की मांग करते हुए 10 हजार से 30 हजार रुपए रेट कर दी। इस दौरान प्रसूता के पति और परिजनों ने काफी मिन्नतें डॉक्टर के समक्ष की। लेकिन डॉक्टर ने प्रसूता से हाथ लगाने से भी इंकार करते हुए ओटी के बाहर आकर खड़ी हो गई। इस दौरान 10 हजार से सीधे 30 हजार की डिमांड पर परिजनों का आक्रोश बढ़ गया। जिस पर डॉक्टर ने हाथ खड़े कर बोला कि प्रसूता की स्थिति खराब है, हमारे बस की बात नहीं है। इन्हें और कहीं ले जाओ। इधर प्रसूता दर्द से तड़पती जा रही थी। जिसे परिजन मजबूरी में इसी हाल में जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी लेकर पहुंचे। यहां दर्द से तड़पती महिला पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाती रही। मामला मीडिया तक पहुंचा तो प्रशासन आनन-फानन में सक्रिय हुआ। जिसके बाद महिला को तत्काल प्रसूतीग्रह भेजकर ऑपरेशन कराया। जहां उसने एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया है। बहरहाल पूरे मामले में प्रसूतिगृह की पोल एक बार फिर खोलकर रख दी है। यहां खुलेआम पैसा मांगने का खेल जारी है। इस संबंध में महिला के परिजनों ने सिविल सर्जन को लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# घरेलू विवाद के बाद महिला की संदिग्ध मौत

परिजनों ने लगाए हत्या के आरोप



**गुना, देशबन्धु।** जिले के बमोरी थानांतर्गत ग्राम मोरखेड़ी में एक महिला ने खेत पर बने मकान पर फांसी लगाकर संदिग्ध रूप से मौत को गले लगा लिया। घटना के पूर्व पति-पत्नी में जमकर विवाद हुआ था। मामले में महिला के परिजनों ने दामाद सहित ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने गुरुवार को महिला के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरखेड़ी निवासी कुसुमबाई पत्नी गजानंद (35) का शव खेत के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। इस दौरान उसके शरीर पर चोट के निशान थे। वहीं शव जमीन पर लटका हुआ था। परिजनों के अनुसार घटना के पूर्व पति-पत्नी में जमकर विवाद हुआ था। वहीं बेटी की मौत की सूचना सुनकर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने दामाद पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा है।

# कमेटी में गोरा बने अध्यक्ष, बैरागी को सौंपी कार्यकारी सचिव की जिम्मेदारी

**गुना, देशबन्धु।** जिला न्यायालय परिसर स्थित पुस्तकालय में गुरुवार को यह ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की पहली बैठक रखी गई। इसमें यूनियन की तदर्थ कमेटी बनाई गई। इसमें कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मोहर सिंह गोरा को और कार्यकारी सचिव की जिम्मेदारी महेश दास बैरागी को सौंपी गई। इसी के साथ चार सदस्यीय संरक्षक मंडल में श्याम मोहन मिश्रा, महावीर सिंह तोमर, मुकेश कुमार मॉडल और पुष्पराग शर्मा, अध्यक्ष मंडल में अधिवक्ता जगबीर सिंह जरसोनिया, विष्णु झा, मोहर सिंह गोरा, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, करण सिंह अहिरवार राजेश राठिया सचिव मंडल में महेश दास बैरागी, नारायण सिंह, देवेंद्र रजक बलराम अहिरवार, अशोक सरवैया कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजदार सिंह अहिरवार, घनश्याम सिंह अहिरवार और अनिकेत मीणा को सौंपी गई। मीडिया प्रभारी राजू अहिरवार को दी। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास हुए। जिनमें गुना में श्रम न्यायालय की बहाली, एडवोकेट चेबर, एडवोकेट हाउसिंग कॉलोनी, जूनियर एडवोकेट को स्टॉयफण्ड, सीनियर एडवोकेट्स को पेंशन, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट आदि शामिल हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए श्याम मिश्रा ने कहा कि वकीलों का कोई दल नहीं होता है। वकीलों का कोई केवल दल है, तो वह है न्याय। वकील न्याय का पक्षधर है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन वकीलों द्वारा संचालित था। उनसे प्रेरणा लेकर शोषण के विरुद्ध संघर्ष करना है। संघर्ष के 2 रास्ते होते है एक हिंसक और दूसरा अहिंसक। हमें अहिंसक संघर्ष करते हुए हमारे लोगों को संवाद करके संतुष्ट करें।

## अवैध शराब के साथ आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**गुना, देशबन्धु।** कैंट पुलिस द्वारा हाथभट्टी की बनी अवैध 60 लीटर शराब सहित एक आरोपी को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को गत शाम को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम मोहरीकला से खुशालपुर रोड के बीच स्थित पुलिया पर एक व्यक्ति प्लास्टिक की दो बड़ी-बड़ी केनों में कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर तत्काल पहुंची। यहां पुलिस को देखकर आरोपी वहां से भागने का प्रयास करने लगा।

जिसे पुलिस फोर्स द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम गौरीशंकर पुत्र लालाराम जाटव निवासी ग्राम मोहरीकला थाना कैंट का होना बताया। जिसके पास से पुलिस ने दो केनों में 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई पंकज त्यागी, जयनारायण शर्मा, शिवदयाल वर्मा एवं सुरेन्द्र भार्गव की सराहनीय भूमिका रही है।

# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया विश्व शांति दिवस

**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय गुना में स्काउट गाइड दल ने गुरुवार को विश्व शांति दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर विश्व शांति का आव्हान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य विनोद कुमार राजोरिया ने दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनिट प्रभारी ऋषिकेश भार्गव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति की मूल भावना वासुधैव कुटुम्बकम ही इस जगत का आधार है। इसी भावना से पूरित एक परिवार में सुख, शांति और सौहार्द का संचार आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सन 1981 से आरंभ हुये शांति दिवस की




आधिकारिक घोषणा 2001 में की। तब से 21 सितंबर को पूरे विश्व में शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसमें प्रत्येक वर्ष शांति स्थापना की एक अलग थीम होती है। इस वर्ष जातिवाद का खात्मा, शांति की स्थापना (एन्ड रेसिज्म, बिल्ड पीस) मुख्य थीम है। राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट अफरोज खान ने इस दिवस के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को पटल पर रखा। इसके बाद विद्यालय के स्काउट व गाइड प्रशिक्षित शिक्षक व्हीपीएस ठाकुर, रंगनाथ शर्मा, अस्पाक कुरैशी, अर्चना पंत, ममता मीना व मोनिका राजपूत ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक गण व स्काउट्स, गाइड्स, कब्स व बुलबुल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार व्हीपीएस ठाकुर ने व्यक्त किया।

### महिला कांग्रेस ने किया कर्मचारियों की मांगों का समर्थन

# वेतन को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना, की नारेबाजी



**आष्टा, देशबन्धु।** मेहतवाड़ा के पास हाइवे पर धागा फैक्ट्री (सेल) के गेट पर आज बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने धरना दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह कर्मचारी दो-दो माह तक वेतन नहीं मिलने से शनिवार और रविवार की छुट्टी का वेतन काटने के साथ ही दीपावली का बोनस नहीं दिए जाने को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। काफी समय तक कर्मचारियों के हंगामे के बाद भी जब सेल कंपनी के मैनेजर प्रवीण तनवर के नहीं आने पर सूचना मिलते ही कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर, प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा, वार्ड 3 के पार्षद राजकुमार मालवी ने धरना स्थल जाकर कर्मचारियों से चर्चा कर इसकी सूचना पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा को दी गई। जिलाध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर, मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष घनश्याम जांगड़ा, पार्षद राजकुमार मालवीय ने सम्मिलित होकर मजदूरों की समस्या सुनीं। मजदूरों ने बताया हमारी प्रमुख मांग समय पर वेतन मिले, क्योंकि 2 महीने 3 महीने तक वेतन नहीं मिलने के कारण हम लोग काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। हमारा परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाता है। हम घर परिवार वालों का इलाज तक नहीं करवा पाते हैं। इसलिए समय पर वेतन दिया जाए। फैक्ट्री में अवकाश के दिन का भी वेतन काट लिया जाता है।

वो नहीं काटा जाए, दीपावली का बोनस भी नहीं मिलता है वो भी दिया जाए। उपरोक्त मांगो को लेकर एक ज्ञापन महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर,कांग्रेस नेता घनश्याम जांगड़ा,को व पार्षद राजकुमार मालवीय को सौंपा।

### इनका कहना है

- कुछ प्लांट कॉटन नही मिलने से बंद हो रहे हैं,कुछ बंद हो चुके है,महाराष्ट्र टेक्सटाइल से भी कभी कभी वेतन देरी से आता है,फिर भी हम 10 तारीख तक वेतन का भुगतान कर देते हैं,वर्तमान में हमारी फैक्ट्री के भी सिर्फ 2 ही प्लांट चालू है।

**प्रवीण तनवर**
**मैनेजर सेल फेक्ट्री मेहतवाड़ा**

# विधायक ने दी 9 करोड़ से ज्यादा की सौगातें

**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार तेजी से क्षेत्र का विकास कर रही है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए लाडली बहना योजना सहित अन्य योजनों का संचालन किया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसलों, नुकसान की भरपाई के लिए राहत राशि एवं अन्य विकास कार्यों को सुचारू रूप से जारी रखना, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व और सूझ बूझ की बदौलत संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अल्प बारिश के कारण किसानों की फसल खराब हुई है, आगामी दिनों में बीमा राशि मिलेगी। यह बात गुरुवार को ग्राम बिछिया सहित अन्य ग्रामों में नौ करोड़ 33 लाख के लागत निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने कही। विधायक ने कहा कि यह चुनावी साल है, कई पार्टी के लोग आश्वासन देने आएंगे, लेकिन



विकास और जनकल्याणकारी योजना सिर्फ भाजपा ही दे सकती है। सबका विकास और सबका विश्वास हमारा मूल मंत्र है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में 9 करोड़ 33 लाख 62 हजार से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन विधायक श्री राय ने क्षेत्रवासियों से कराया। क्षेत्र के पांच गांवों के ग्रामीणों के लिए प्रमुख मार्गो तक नौ करोड़ 33 लाख 62 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सडक़ों छतरी बैरागढ़ खुमान के बीच नाला पर 26 लाख 33 हजार की लागत से बनने वाले पुल का भूमि पूजन किया। वहीं बैरागढ़ खुमान में बीस लाख रुपए की लागत से बने नबीन पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक श्री राय द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि करोड़ों की लागत बनने वाली गई गांवों की सडक़ों के बनने ग्रामीणों को पक्की सडक़ों की सुविधा उपलब्ध होगी।

## बमोरी और चांचौड़ा में घूम रहा विकास रथ



**गुना, देशबन्धु।** म.प्र.शासन जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा तैयार करवाए गए विकास रथ ''विकास किया है, विकास करेंगे'' थीम पर जिले में गांवों का भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों का एलईडी के माध्यम से प्रचार प्रसार कर रहे है। आज से विधानसभा बमोरी एवं चांचौडा के ग्रामों एवं कस्बों में विकास रथ भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में विकास रथ द्वारा विधानसभा बमोरी के ग्राम टोली, पाडोन, वर्धा, नर्वदा कुम्हारी, चकारी,, तथा विधानसभा चांचौडा के नगर एवं वार्डो में विकास रथ ने भ्रमण कर, एलईडी के माध्यम से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। इन गांवों के भ्रमण दौरान विकास रथ द्वारा म.प्र. तब और अब, मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण, लाडली बहना सेना, कृषि सिंचाई स्व सहायता समूह, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में भी प्रदर्शित की गई।

### नगर पालिका की बैठक में दर्जन भर विकास कार्यों पर लगी मुहर

# निकाय की आमदनी बढ़ाने बनेंगे शॉपिंग कॉम्पलेक्स



**आष्टा देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में एवं विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपा उपाध्यक्ष सिद्दीका बी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना सहित परिषद के सदस्यों की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में नगरपालिका द्वारा नवनिर्मित स्वीमिंग पुल के संचालन एवं संधारण की प्राप्त दरों को सहमति मिली, वहीं नगर में नगरपालिका की स्थित दुकानों की प्राप्त दरों को एकमत होकर स्वीकृत किया गया। वार्ड क्रमांक 12-17, 11-18 के मध्य स्थित नाला निर्माण की प्राप्त दरों के संबंध में विचार विमर्श कर स्वीकृति दी गई।पार्वती घाट का होगा सौंदर्यीकरण, आवास कॉलोनी में बनेगा शॉपिंग कॉम्पलेक्स - निकाय को प्राप्त विशेष निधि अंतर्गत पार्वती नदी घाट का सौंदर्यीकरण कार्य हेतु अध्यक्ष परिषद को अधिकृत किया गया है। पावर्ती नदी घाट का सौंदर्यीकरण लगभग 114.82 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होना है। वहीं नगरपालिका की आय में तेजी से वृद्धि हो इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के पास शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जाना है जिसमें 2 तल का निर्माण होगा।

प्रथम तल पर 61 व द्वितीय तल पर 19 हालनुमा दुकानों का निर्माण लगभग 413.18 लाख रूपये की लागत से होना है इस पर भी परिषद ने सर्वसम्मति व्यक्त की। पूर्व परिषद द्वारा कन्नौद रोड़ स्थित वाचनालय बनाए जाने पर परिषद ने उस स्थान पर दुकान का निर्माण करने का निर्णय लिया। लगभग 15 करोड़ रूपये की लागत से आधा एकड़ भूमि पर विशालकाय शॉपिंग कॉम्पलेक्स बनाने का निर्णय भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। परिषद ने आगामी निर्माण कार्यो के लिए मटेरियल दर, आरसीसी पाईप की दर को अपनी स्वीकृति दी, वहीं सीएमओ निवास के स्थान पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण करने हेतु पूर्ण बहुमत से निर्णय लेकर उक्त प्रस्ताव को पारित किया गया।

बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका बी, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, हिफ्ज्जुर्रहमान भैया मियां, राशिदा हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती नामदेव, तस्कीन शेख रईस, नूरजहां अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डू, अनिता भट्ट, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजली चौरसिया, लता मुकाती सहित नपा के तकनीकी सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, उपयंत्री पीके साहू, लेखापाल यश कौशल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

# आंदोलनरत पटवारी कल सौंपेंगे भगवान गणेश को ज्ञापन

**सीहोर देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर विगत 25 दिनों से पटवारियों की हड़ताल जारी है। जिले भर की तहसीलों में जमीन के नामांतरण और सीमांकन सहित बंटवारे संबंधित कार्यों के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। तहसील कार्यालयों से एक ही जवाब मिल रहा है, अभी पटवारियों की हड़ताल चल रही है। नामांतरण और सीमांकन के प्रकरण जिले में अटके हुए हैं। इधर पटवारियों की हड़ताल के चलते किसानों की नष्ट फसलों के मुआवजा प्रकरण भी नहीं बन पा रहे हैं। गुरुवार को शहर के तहसील कार्यालय में बड़ी संख्या में बारिश के बौछारों के मध्य अपनी मांगों को लेकर पटवारियों ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर धरना स्थल पर पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता संतोष राठौड़ राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा पटवारी का समर्थन करते हुए ज्ञापन लिया। इस संबंध में मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय राठौर ने बताया कि शनिवार को संभागीय स्तर से करीब 1 हजार से अधिक पटवारी भगवान गणेश को ज्ञापन देने के लिए आऐंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़, होशंगाबाद, शाजापुर आदि क्षेत्र के साथी शामिल होंगे।

# एनजीटी ने मुख्य सचिव पर लगाया जुर्माना किया माफ

## अब एमओईएफ व एनजीटी अध्यक्ष तक पहुंचा मामला

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) ने केरवा व कलियासोत बांध के जलभराव क्षेत्र में अतिक्रमण और जलाशय में सीवेज मिलने के मामले में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस पर लगाया गया पांच लाख रुपये का जुर्माना माफ कर दिया है और बुधवार को जुर्माना लगाने संबंधी आदेश वापस भी ले लिया है। इधर जुर्माना माफ किए जाने से नाराज याचिका कर्ता ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय (एमओईएफ) और एनजीटी के अध्यक्ष को शिकायत कर दी है।

केरवा व कलियासोत बांध के जलभराव क्षेत्र में अतिक्रमण और इससे प्रदूषित हो रहे भूजल को लेकर पर्यावरणविद सुभाष सी पांडे ने एनजीटी में याचिका लगाई थी। याचिका के साथ उन्होंने अतिक्रमण करने वाले प्रतिवादियों की सूची भी एनजीटी को सौंपी थी। इस पर बीते 18 अगस्त को एनजीटी में सुनवाई के दौरान न्यायाधीस सुधीर अग्रवाल की खण्डपीठ ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस को फटकार लगाई थी। साथ ही दोनों जलाशयों में अतिक्रमण और गंदगी का जिम्मेदार मानते हुए पांच लाख रुपये का जुर्माना की भी लगाया था। इसको लेकर राज्य शासन के वकीलों ने एनजीटी पांच लाख रुपये का जुर्माना माफ करने की गुहार लगाई थी। इस मामले में एनजीटी में बुधवार को हुई सुनावई में मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय संयुक्त कमेटी ने अपनी 512 पेज की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुख्य सचिव की कोई गलती नहीं है। बल्कि तत्कालीन वकील (जो इस्तीफा दे चुके हैं), नगर निगम के नगर निवेषक नीरज आनंद लिखार और प्रदूषण निवारण मंडल (आरओ) ब्रजेश शर्मा ने एनजीटी के सामने अपना पक्ष नहीं रखा था। वहीं इन अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाई। ऐसे में जुर्माना माफ किया जाए। याचिकाकर्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मुख्य सचिव पर जो जुर्माना लगाया गया है, वह पुराने आदेश का पालन नहीं करने पर लगाया है। ऐसे में जुर्माना वापस लेने का कोई तर्क नहीं है। इधर सितंबर 2024 तक एनजीटी ने आदेश का परिपालन कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन यह भी नहीं हो रहा है। ऐसे में जुर्माना माफ करना गलत है। इसके बावजूद एनजीटी की खण्डपीठ नपे न सिर्फ मुख्य सचिव पर लगाया गया जुर्माना माफ कर दिया, बल्कि इसके आदेश जारी कर दिए।

इधर श्री पाण्डेय ने इस मामले में राज्य शासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस न्यायाधीश ने जुर्माना लगाया , उसका तबादला कर दिया। अब दूसरे न्यायाधीश आए तो उन्होंने लगाया पूर्व में लगाया गया जुर्माना माफ करते हुए आदेश जारी कर दिए। इससे अतिक्रमणकारियों और लापरवाह अधिकारियों को बढ़ावा मिलेगा। लिहाजा उन्होंने केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के साथ ही एनजीटी के अध्यक्ष को शिकायत की है।

### कब्जाधारियों को प्रतिवादी बनाने के निर्देश

इधर एनजीटी ने नगर निगम को निर्देश दिए है, कि जो भी अतिक्रमण चिंहित किए गए हैं। उन्हें जल्द नोटिस देकर हटाया जाए। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों को भी प्रतिवादी बनाया जाए, जिससे उनका पक्ष भी सामने आए। इस मामले में अब छह सदस्यीय समिति की अनुशंसा के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इसकी रिपोर्ट 20 अक्टूबर 2023 को एनजीटी में प्रस्तुत करना होगी।

### निगम ने अतिक्रमण हटाने पुलिस से मांगा सहयोग

वहीं एनजीटी के आदेश के बाद नगर निगम ने कार्रवाई शुरु कर दी है। इसके तहत निगम ने भदभदा पुल के पास भोजवेटलैंड के जलभराव में स्थित निर्माण को सात दिवस में हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं हटाया। अब नगर निगम शनिवार को यहां बड़ी संख्या में अतिक्रमण हटाएगा। इसके लिए स्थानीय पुलिस से सहयोग भी मांगा है।

# 3 घंटे तक बैठी रही पुलिस, स्कूटर चुराते ही किया गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** क्राइम ब्रांच पुलिस कोतवाली इलाके में घात लगाकर बैठी रही और करीब तीन घंटे बाद जैसे ही बदमाश चोरी की स्कूटर उठाने पहुंचा, वैसे ही पुलिस ने उसे दबोच लिया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि श्यामला हिल्स स्थित बोट क्लब से चोरी हुई एक स्कूटर के यूनानी शफाखाना के पास लावारिस हालत में खड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई जो घात लगाकर बैठी रही। करीब तीन घंटे तक इंतजार करने के बाद एक युवक उक्त स्कूटर उठाने पहुंचा तो टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ पर युवक ने अपना नाम सुरेश शर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी कैंची छोला बताया। स्कूटर के बारे में पूछने पर उसने अपनी बताया, लेकिन जब वीडीपी पोर्टल पर सर्च किया गया तो वह रोहिणी ताम्रकार की निकली, जिसकी चोरी की रिपोर्ट श्यामला हिल्स थाने में दर्ज कराई गई थी। सख्ती करने पर सुरेश ने उक्त स्कूटर 19 सितंबर को चोरी कर कोतवाली इलाके में छिपाकर रखने की बात स्वीकार कर ली।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ बदमाश गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एक दुबला-पतला लड़का इकबाल मैदान के पास मोटर सायकिल बेचने का प्रयास कर रहा है, जो चोरी की हो सकती है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम कमलेश कुशवाह निवासी कुशवाहा मोहल्ला सीहोर बताया। कमलेश के पास मौजूद मोटर साइकिल के पंजीयन नंबर की जांच करने पर वह मुकेश मालवीय निवासी काला पीपल शाजापुर के नाम निकली। पूछताछ पर आरोपी ने उक्त उक्त गाड़ी काला पीपल से चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### 3 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपित गुफरान अली उम्र 45 वर्ष निवासी पुराना भदभदा पुल थाना कमला नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपित तीन साल पहले वर्ष 2020 में अवैध हथियारों के साथ अपने साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। अदीत ने आरोपी का गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। क्राइम ब्रांच पुलिस को पता चला कि गुफरान अपने घर आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपैड सवार युवक की मौत, पत्नी गंभीर

**भोपाल, देशबन्धु।** अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल वाली मस्जिद के सामने अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक सलमान खान पुत्र उस्मान खान उम्र 28 वर्ष इतवारा में रहता था। वह मोटर सायकिल मैकेनिक था। अप्रैल महीने में उसने प्रेम विवाह किया था। इसके बाद से ही वह पत्नी के साथ अरेरा हिल्स स्थित झुग्गी बस्ती में किराए रहे रहा रहा था। दोपहर में वह एमपी नगर से जेल रोड से कंट्रोल रूम की ओर आ रहा था। तभी पुरानी जेल के सामने उनकी मोपैड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सलमान की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उनका इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। आरोपी वाहन चालक की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### कट्टा लेकर घूम रहे जिलाबदर बदमाश को दबोचा

उधर बजरिया पुलिस ने भरा कट्टा लेकर घूम रहे जिला बदमाश को दबोच लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपित युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक दानिश अली 27 बजरिया में रहता है। वह थाने का बदमाश है, और प्रशासन ने उसे कुछ समय पहले ही जिलाबदर किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि वह भरा हुआ कट्टा लेकर घूम रहा है। घटना की खबर लगते ही पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक देशी कट्टा व कारतूस मिला। पुलिस पूछताछ में आरोपित युवक ने बताया कि वह लोगों को चमकाने के लिए अपने पास पिस्टल रखता था। पुलिस का कहना है कि आरोपित से पिस्टल के संबंध में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# दरोगा ने नहीं पहनी यूनिफार्म, मिला नोटिस

### महापौर ने लगाई फटकारा, गंदगी देख बोलीं- सबसे पहले इन पर जुर्माना लगाओं

**भोपाल, देशबन्धु।** यूनिफार्म नहीं पहनने और वार्ड में गंदगी होने पर महापौर मालती राय ने एक सफाई दरोगा को फटकार लगा दी। साथ ही गंदगी देखकर उन्होंने दरोगा पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।



दरअसल महापौर मालती राय गुरुवार सुबह वार्ड-15 के डीआईजी बंगला क्षेत्र में निरीक्षण कर रही थीं। इसी दौरान दरोगा चैन सिंह चौहान भी वहां पहुंचे। उन्हें बिना यूनिफार्म में देखकर महापौर नाराज हो गईं। चूंकि इससे पहले भी उक्त दरोगा को बगैर यूनिफार्म में देखकर महापौर फटकार लगा चुकी थीं। इसलिए उनकी नाराजगी और भी बढ़ गई। वहीं गंदगी होने पर उन्होंने दरोगा पर जुर्माना लगाने की बात मौजूद स्टॉफ से कह दी। इसके बाद वे लौट गईं। स्वास्थ्य प्रभारी मो. शहाब ने बताया कि महापौर के निर्देश पर दरोगा को नोटिस दिया है। यूनिफार्म नहीं पहनने और वार्ड में गंदगी होने पर दरोगा से जवाब मांगा गया है।

उल्लेखनीय है कि करीब चार महीने पहले भी महापौर मालती राय उक्त दरोगा चैन सिंह चौहान को फटकार लगा चुकी हैं। उस दौरान यह दरोगा महापौर के सामने यूनिफार्म की बजाय कुर्ता-पजामा पहनकर आ गया था।

# विवाहिता ने लगाई थी फांसी, पति और उसकी प्रेमिका गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** ऐशबाग थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद मृतका के पति और उसकी प्रेमिका के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐशबाग थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में रहने वाली 24 वर्षीय दीपाली रजक ने चार सितंबर को अपने घर में फांसी लगा ली थी। इस मामले की जांच एसीपी जहांगीराबाद मुख्तार कुरैशी ने की थी। जांच में मृतका के परिजनों के बयानों से पता चला कि दीपाली की शादी वर्ष 2018 में नर्मदापुरम में रहने वाले विकास मालवीय के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही दीपाली को यह पता चल गया था कि उसके पति के किसी ज्योति नाम की महिला से अवैध संबंध हैं। इस पर दीपाली अपने पति को इससे रोकना भी चाहा। लेकिन वह पति से जब भी इसके बारे में बात करती तो वह उसके साथ मारपीट करने लगता। आखिरकार परेशान होकर दीपाली मायके में आकर रहने लगी थी और यही पर उसने खुदकुशी करने जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों के बयानों की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति विकास मालवीय और उसकी प्रेमिका ज्योति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है । बताया गया है कि मृतका की चार साल की बेटी और एक साल का बेटा है।

# घर-घर जाकर मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य जारी



**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक अक्टूबर की अर्हता के दृष्टिगत फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किए जा रहे हैं। उक्त परिपेक्ष्य में बीएलओ द्वारा 30 सितंबर तक घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। बीएलाओ द्वारा एप्प के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का सत्यापन सुनिश्चित कर यदि कोई मतदाता मृत, डुप्लीकेट पाया जाता है तो नियमानुसार नाम हटाने की कार्यवाही का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान 30 सितंबर तक जारी रहेगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने अभियान की सतत निगरानी के लिए हरेन्द्र नारायण अपर कलेक्टर उत्तर को विधानसभा क्रमांक 153 भोपाल मध्य, गौरव बेनल मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्मार्ट सिटी विधानसभा क्रमांक151 नरेला, सुश्री अंकित धाकरे अपर कलेक्टर मुख्यालय-1 विधानसभा क्रमांक152 भोपाल दक्षिण पश्चिम एवं प्रकाश सिंह चौहान अपर कलेक्टर दक्षिण को विधानसभा क्रमांक150 उत्तर में डयूटी आदेश जारी किए गए हैं।

### कलेक्टर ने लिया स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का जायजा

उध आगामी विधानसभा निर्वाचन - 2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने गुरूवार को जिले की ईवीएम, गोडाउन एवं मतगणना स्थल के लिए चयनित स्थान पुरानी जेल में तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने लोक निर्माण, विद्युत मंडल, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारियों को मरम्मत आदि कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सीईओ बीडीए संदीप केरकेट्टा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अन्तर्गत गुरूवार को भाषण एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मेरा वोट मेरी ताकत विषय पर बढ़े उत्साह से योग्य व्यक्ति को चुनने एवं देश के विकास के लिए वोट जरूर डाले, वोट डाल कर अपने अधिकार का प्रयोग जरूर करें पर अपने विचार व्यक्त किए। निबंध लेखन में लोकतंत्र की ताकत जागरूक मतदाता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप मे प्रो. अर्चना दुबे, डॉ. कालिका प्रसाद शुक्ल, डॉ. सुभाष चन्द्र रहे, निबंध लेखन प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. रजनी वीजी, डॉ. महिमा तिवारी, एवं गोकुलानंद तिवारी रहे। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन नोडल अधिकारी प्रो. अशोक कछवाह, डॉ. ललित मोहन पंतोला ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना कैंपस एंबेसडर अमित चौबे, चंद्रकांत चौबे एवं निर्जला कुमारी ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकांत चौबे, अमित चौबे ने किया।

# नाबार्ड के सेवानिवृत्त अधिकारी से 50 लाख की ठगी

### रत्न हाउस के मालिकों ने दिया वारदात को अंजाम

### कारोबार में साझेदार बनाने का दिया था झांसा

**भोपाल, देशबन्धु।** कमला नगर इलाके में नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) से सेवानिवृत्त अधिकारी को कारोबार में साझेदार बनाने का झांसा देकर रत्न हाउस के मालिकों ने पचास लाख रुपए चपत लगा दी। इस मामले में पीड़ित की ओर से थाने में शिकायत की गई। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरूपा पांडे के मुताबिक कमला नगर में रहने वाले अनिल कुमार जाटव उम्र 64 वर्ष नाबार्ड से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्हें सेवानिवृत्ति के समय विभाग से 80 लाख रुपए का फंड मिला था। इस दौरान उनकी मुलाकात रत्न हाउस के मालिक अनिल कुमार अटल और आशीष कुमार सोनी से हुई थी। दोनों आपस में रिश्तेदार भी हैं। दोनों ने सेवानिवृत्त अधिकारी को झांसा देते हुए कहा कि वह उन्हें अपने कारोबार में साझेदार बना लेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें पचास लाख रुपए निवेश करना होंगे। आरोपियों की बातों में आकर अनिल कुमार ने उन्हें पचास लाख रुपए की रकम दे दी। यह पैसा उन्होंने 1 दिसंबर 2019 को दिया था। लकिन रकम लेने के बाद आरोपी ना तो उनके साथ अनुबंध तैयार कर रहे थे, और ना ही उनकी रकम वापस लौटा रहे थे। इससे परेशान होकर अनिल कुमार ने पुलिस के आला अफसरों को लिखित में आवेदन देकर शिकायत की थी। आवेदन की जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# फंदा में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला कल

**भोपाल, देशबन्धु।** आयुष्मान भवः अंतर्गत विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला 23 सितंबर को फंदा विकासखंड में आयोजित किया जाएगा। महाराणा प्रताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फंदा में आयोजित मेले में विधायक हुजुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, श्वास रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, त्वचा रोग, अस्थि रोग जैसी सेवाएं प्रदान की जावेगी इसके साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हितग्राहियों की विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाई जावेगी। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे । मेले में संचारी एवं असंचारी बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता, बीमारियों के प्रारंभिक स्तर पर पहचान के लिए स्क्रीनिंग एवं निदान के लिए बुनियादी जांच, दवाइयां, टेलीकंसल्टेशन सेवा प्रदान की जाएगी। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल बोर्ड भी उपलब्ध रहेगा।

### आज अनेक क्षेत्रों में पहुँचे रथ

उधर राज्य शासन द्वारा भेजे गए विकास रथ प्रतिदिन निर्धारित रूट अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे है। गुरूवार को विकास रथों ने बैरासिया के ग्रामीण क्षेत्र, हुजूर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र, अरेरा कॉलोनी, कालापानी सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण कर भोपाल जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई गई। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पर आधारित फिल्म तब और अब, मध्यप्रदेश में केन्द्र सरकार की योजनाएँ तब और अब, अद्भुत मध्यप्रदेश,जन- सरोकार,वंदे-मध्यप्रदेश, महिला सशक्तिकरण लाड़ली बहना सेना, कृषि और सिंचाई, स्व-सहायता समूह और सीखो कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में दिखाई जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

### चर्चा का आयोजन कल

**भोपाल, देशबन्धु।** इस समय देश अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। इनके बारे में हमारा क्या सोच है? इस पर राष्ट्रीय सेक्युलर मंच एवं हम सब संस्था द्वारा 23 सितंबर को चर्चा का आयोजन किया जा रहा है।एलएस. हरदेनिया राकेश दीवान ने बताया कि गांधी भवन के सर्वधर्म प्रार्थना स्थल पर 11 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के मीडिया संबंधी ऐतिहासिक निर्णय के लिए उसका अभिवादन करना चाहेंगे। उस दिन किसी अन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सुप्रसिद्ध चिंतक व लेखक डॉ. राम पुनियानी भोपाल आ रहे हैं। यदि विमान नियत समय पर आ गया तो हमें उनके विचार सुनने का भी अवसर मिलेगा।

### स्टेट बैंक अधिकारी सहकारी साख समिति की वार्षिक आम सभा कल

**भोपाल, देशबन्धु।** चार दषक पुरानी और करीब साढे चार हजार सदस्यों वाली स्टेट बैंक अधिकारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल सर्कल की वार्षिक आम सभा दिनांक 23 सितम्बर को सुबह 10 बजे अपैक्स बैंक समन्वय भवन टी.टी. नगर में होगी। सभा में भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबन्धक नेटवर्क1 कुन्दन ज्योति मुख्य अतिथि होगें। अधिकारी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष सुरेश बाबू मीना ने बताया कि सभा में दो सत्र होंगे। पहला वैचारिक सत्र व दूसरा व्यावसायिक सत्र होगा। वैचारिक सत्र में मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त करेगे । दूसरे सत्र में समिति के सदस्यों और उनसे सम्बन्धित लाभ के फैसले लिए जायेगे। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ के भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी सदस्य आम सभा में शामिल होंगे।

### श्रद्धा से मनाया गया संत हिरदाराम का जन्मवोत्सव, हुए कई कार्यक्रम

# सवा सौ लोगों ने भरे नेत्रदान के संकल्प पत्र




**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम का 118वां जन्मोत्सव गुरुवार को श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम हुए।

संत हिरदाराम के जन्म दिवस पर बुधवार से शुरु हुए श्री सुखमनी पाठ का समापन गुरुवार तड़के हुआ। इसके बाद उनके अनुयायी बड़ी संख्या में उनकी कुटिया, सेवा संकल्प धाम पर पहुचे और मत्था टेक कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। इस बीच यहां नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया । इसमें उपनगर के 127 लोगों ने नेत्रदान के संकल्प पत्र भरे । नेत्रदान शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा किया गया । उपनगर के लब्ध प्रतिष्ठित प्रमुख लोगों में संत नगर के थाने के एस रंधावा ने भी इस अवसर पर नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा । इनके अलावा पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, नन्द दादलानी, गुलाब जेठानी, दिनेश वाधवानी, आरोग्य केन्द्र की डॉ. सुचेता कृपलानी तथा डॉ. वर्षा नाथानी ने भी संकल्प पत्र भरे । इस अवसर पर श्री रीझवानी ने कहा कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य परमार्थ ही है । यही शिक्षा संत हिरदाराम ने भी दी थी । उन्होंने कहा कि नेत्रदान से जीवन के साथ और जीवन के बाद भी व्यक्ति को नेत्र ज्योति मिलती है ।

### तुलसी के पौधे बांटे

उधर संत हिरदाराम के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में बजरंग सेना समिति द्वारा आने जाने वाले राहगिरों को तुलसी के पौधे बांटे एवं पार्कों में तुलसी के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, अर्चक पुरोहित पं. राज कुमार गर्ग, जीतू शिवनानी, प्रेम अहिरवार उपस्थित थे।

भोपाल, शुक्रवार 22 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भारत-कनाडा सम्बन्ध सुधरें

कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या और उसे लेकर दिये गये वहां के प्रधानमंत्री के बयान को लेकर भारत-कनाडा के बीच कटुता बढ़ चली है जिसका कई तरह से असर पड़ सकता है। इससे जहां एक ओर दोनों देशों के बीच परस्पर व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा वहीं इसके चलते दोनों देशों में रहने वाले सिखों और हिंदुओं के बीच भी रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसके लिये बहुत ज़रूरी है कि भारत और कनाडाई सरकारें आपस में बात कर मुद्दों को सुलझाए। दरअसल ब्रिटिश कोलंबिया में एक कनाडाई सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध खराब हो चले हैं। सोमवार को अपनी संसद को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हत्या को भारत सरकार से जोड़ा। इतना ही नहीं, कनाडा ने भारत के राजनयिक को निष्कासित कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी उनके समकक्ष कनाडाई अधिकारी को देश छोड़ने को कह दिया। इसके कारण दोनों देशों के राजनयिक रिश्ते कटु हो गये हैं जिसे सुधारे जाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां रहने वाले हिन्दुओं को कनाडा छोड़ने की धमकियां भी मिलने लग गई हैं। हिन्दुओं को यह भी लगता है कि कनाडाई सरकार का झुकाव सिखों की तरफ़ ज्यादा है।

भारत और कनाडा के बीच 8.16 अरब डॉलर का व्यापार होता है। बड़ी संख्या में भारतीय मूल के परिवार वहां बसे हुए हैं। वर्ष 1900 के आसपास से बड़ी संख्या में लोगों का भारत से वहां जाकर बसना प्रारम्भ हुआ था। ज्यादातर लोग पंजाब प्रांत से गये थे और ब्रिटिश सैनिकों के तौर पर उनका जाना हुआ था। बाद के वर्षों में जब कनाडा शिक्षा का एक बेहतरीन हब बना तथा वहां रहन-सहन का स्तर बेहतरीन होने पर लोगों ने पहले तो वहां शिक्षा पाई और बाद में वे वहीं बस गये। 2021 की जनसंख्या के मुताबिक कनाडा में 7.70 लाख सिख और 8.28 लाख हिन्दू हैं जो कुल आबादी का क्रमशः 2.0 एवं 2.3 फीसदी है। सिख बड़े व्यवसायी एवं खेतों के मालिक हैं तो वहीं हिन्दू ज्यादातर नौकरीपेशा हैं। आज भी पंजाब से जाने वालों का वह उच्च वरीयता वाला देश है, चाहे वे हिंदू हों या सिख। कनाडा में दोनों समुदायों के सम्बन्ध बनते-बिगड़ते रहे हैं। भारतीयों की यहां की राजनीति में अच्छी भागीदारी है और भारतीय मूल के कई लोग सरकार में मंत्री रहे हैं, जिनमें सिख काफी हैं।

1980 के दशक में भारत के खालिस्तानी आंदोलन को कनाडा के सिखों द्वारा मदद करने की बात सामने आती रहती थी। वहां के कई अलगाववादी सिख नेता इस आंदोलन को निर्देशित भी करते थे। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत में अब यह आंदोलन चाहे समाप्त हो गया हो परन्तु कनाडा से इसकी सुगबुगाहटें अक्सर सुनाई दे जाती हैं। पिछले दिनों ब्रिटिश कोलम्बिया राज्य में एक गुरुद्वारे के बाहर कुछ नकाबपोशों ने अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी जिस पर बयान देते हुए कनाडाई पीएम ने इसमें भारत सरकार की संलिप्तता बतलाकर मामले को गरमा दिया। एक दूसरे के राजनयिकों के निष्कासन ने स्थिति को और भी बिगाड़ दिया है। बात यहीं तक नहीं रुकी। एक अन्य खालिस्तानी चरमपंथी गुरुपतवंत सिंह पन्नू का ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे हिन्दुओं को कनाडा छोड़ देने की चेतावनी देते हुए देखा गया है। पन्नू ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि निज्जर के मारे जाने पर हिन्दुओं ने जश्न मनाया था। पन्नू का हिन्दुओं पर आरोप था कि वे न केवल भारत सरकार का समर्थन करते हैं बल्कि कनाडा में रहने वाले खालिस्तानियों की अभिव्यक्ति के अधिकार को कुचलने का पक्ष भी लेते हैं।

इस वीडियो से वहां के हिन्दुओं में दहशत का माहौल है। हिन्दुओं का मानना है कि जस्टिन ट्रूडो के बयान से खालिस्तानी समर्थकों का हौसला बढ़ा है। एक हिन्दू संगठन के विजय जैन के अनुसार 'इस माहौल में हिन्दुओं के जीवन को खतरा है। वे कहते हैं कि ट्रूडो के रुख से खालिस्तानियों के हौसले बढ़ गये हैं। साफ है कि कनाडा में जो कुछ हो रहा है उससे अगर दोनों समुदायों के बीच तनाव और बढ़ता है तो इसका असर भारत पर भी पड़ेगा।' यह सच है कि भारत ने बड़ा नुकसान उठाकर और पीड़ा सहकर खालिस्तान आंदोलन से निजात पाई है। इसके कारण देश को अपनी एक प्रधानमंत्री को तक गंवाना पड़ा है। देश इस आंदोलन के नये आघात सह नहीं पायेगा। बहुत से छात्र-छात्राएं हैं जो कनाडा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अगर वहां का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ता है तो इसका बड़ा खामियाजा दोनों पक्षों को भुगतना पड़ सकता है। भारत सरकार को इस दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिये क्योंकि हिन्दू हों या सिख, दोनों ही समुदायों में भारत के अपने लोग हैं।

माना जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बड़े पैमाने पर कनाडा में खालिस्तानियों को आर्थिक मदद दे रही है और वह इस बात की कोशिश कर रही है कि खालिस्तान आंदोलन फिर से उभरे। उसके द्वारा की जा रही फंडिंग का उपयोग खालिस्तान के समर्थन में जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने, पोस्टर, बैनर आदि के लिये किया जा सकता है जिससे वहां युवा सिख इससे प्रभावित हों। ऐसा होने पर खालिस्तानियों की हरकतें भारत में भी बढ़ सकती हैं। भारत सरकार को इस बात की जांच करनी चाहिये। इसके अलावा भारत और कनाडा के बीच सम्बन्धों को तत्काल सुधारने की ज़रूरत है। अगर यह आंदोलन कनाडाई सिखों के बीच उभरा तो उन देशों में भी फैल सकता है जहां खालिस्तान समर्थक सिख रहते हैं।

# इस बार के इवेंट में आधी आबादी केंद्र में


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**लगभग तीन दशकों से देश पंचायत और शहरी निकायों में ऐतिहासिक 33 फ़ीसदी महिला आरक्षण का भी साक्षी रहा है। इन बातों में कोई दम नहीं है कि सरपंच पति या मुखिया पति बनकर महिलाओं के पति ही कामकाज चलाते हैं। जैसा पुरुष प्रधान हमारा समाज है वहां इस दौर से भी गुज़रना होगा। महिला किस तरह बेड़ियों को तोड़कर अपनी संवैधानिक ताकत को पहचानती है।**

मूमल की मां रसोई में रोटी बेल रही थी कि मूमल के पिता ने तेज़ आवाज़ में कहा- 'अरे सुनो, महिला आरक्षण बिल पास होने वाला है। अब 33 फ़ीसदी महिलाएं लोकसभा और विधानसभा में आ जाएंगी। ये असली मास्टर स्ट्रोक है भई। अब कुछ नहीं हो सकता इस विपक्ष का।

सुनकर मूमल की मां के चेहरे पर मुस्कान खिल गई थी। 'यह तो कमाल हो गया... जो कोई न कर पाया वह इन्होंने कर दिखाया। इतने वर्षों में हम तो इसे भूल ही गए थे।' कहते-कहते मूमल की मां बेलन और मुस्कुराहट दोनों को लिए बैठक में आ गई थी।

'ज़्यादा खुश मत हो। यह इस बार नहीं होने वाला। अभी जनगणना होगी, फिर नई सिरे से संसदीय क्षेत्र बनेंगे, 2029 में होगा यह सब।' मूमल के पिता जिन्हें वे शर्माजी कहती थीं, उन्होंने अपनी गर्दन टेढ़ी करते हुए कुछ कहा। इतना सुनना था कि मूमल की मां की खिली मुस्कान एकदम से सिकुड़ गई। 'हे भगवान, फिर किसलिए इतना तामझाम! क्यों नहीं की अब तक जनगणना, क्यों नहीं इतने सालों में इस पर विचार किया? 2029 तो बहुत दूर है और कल को किसने देखा है।' वह निराश स्वर में बोली थी।

मूमल की मां जैसा हाल कई महिलाओं का है। उनकी खुशी जैसे वक्त का ब्रेक साथ लेकर आई है। कुछ ने नाचने-गाने में भी देर नहीं की। यूं यह लोकप्रिय प्रधानमंत्री की लोकप्रिय शैली में शामिल है। कभी थाली बजवाना तो कभी सबको कतार में लगवा देना। उनकी छवि ऐसी भी है कि वे बस कर डालते हैं- तुरंत प्रभाव से। नोटबंदी, कोरोना में देशबन्दी, कश्मीर से धारा 370 की विदाई...। वे अधिक वक्त नहीं लेते। इस मामले में उन्होंने लम्बा वक्त लिया है। शायद चुनाव नज़दीक हैं इसलिए और 2024 में महिला वोट की अहमियत को समझते हुए भी। महिलाओं को लग रहा है कि इस बार कसौटी पर आधी आबादी की भावनाएं हैं और कहीं अब वे इवेंट की सियासत में इस्तेमाल न हो जाएं। सांसद वृंदा करात उस वक्त बेहद सक्रिय भूमिका में थीं जब यह बिल 2010 में राज्यसभा में पास हुआ था। वे लिखती हैं-'मुझे अफ़सोस है कि जिस बिल को लाने में तीन दशकों तक संघर्ष किया वह एक नाकाम सरकार का कवच बनकर सामने आया है। सरकार अब संसदीय कार्यवाही को भी 'धमाके' की तरह प्रस्तुत कर रही है। मुझे याद है कि तमाम विरोध के बावजूद उस रात बिल के पास होने के बाद सुषमा स्वराज जी और हम सबने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी थी। बहरहाल आज भी यह एक बेहतरीन निर्णय ही है। इस मौके पर जहां उन सबको याद किया जाना चाहिए जिन्होंने इसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ी और उन नेताओं को कभी माफ़ नहीं किया जाना चाहिए जिन्होंने अतीत में अड़ंगा डाला। विधेयक की प्रति छीनकर फाड़ दी गई और सक्रिय महिला सदस्यों को 'परकटी' कहा। प्रमिला दण्डवते को शरद यादव ने यही सम्बोधन दिया था।

बिल से देश की जनता वाकिफ़ है, इसकी ज़रूरत से भी और अगर सरकार गंभीर है तो यह जल्द मिलना चाहिए। बिल टालने की वैचारिकता और लाने की सियासत को सूट करने की हालत में बिलकुल नहीं फंसना चाहिए। नहीं होगा, क्योंकि इस बार आधी आबादी केंद्र में है और लंबा इंतज़ार भी उन्हीं के हिस्से में आया है।

नई संसद में दाखिल होने के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति महोदया की अनुपस्थिति भी समझ से परे है। वे यहां सेंगोल की स्थापना के समय भी अनुपस्थित थीं। ऐसा क्यों है कि सत्तापक्ष सदैव श्रेय की होड़ में नज़र आता है? प्रधानमंत्री कहते हैं-'महिला आरक्षण बिल पर काफी चर्चा हुई, लेकिन यह सपना अधूरा था। ईश्वर ने ऐसे कामों के लिए मुझे चुना है।' फिर पहलवानों के यौन शोषण, मणिपुर में महिलाओं के ख़िलाफ़ यौन हिंसा, बिलकिस बानो के अपराधियों की समय से पहले रिहाई को किसने चुना है? यहां ईश्वर के चुने हुए प्रिय पात्र मौन क्यों रखते हैं? कठुआ, हाथरस में जब स्त्री की अस्मिता और वजूद तार-तार होते हैं तब भी मौन क्यों रहा जाना चाहिए। बहुत मायने रखता है कि आपका अपना ट्रैक रेकॉर्ड महिला को न्याय देने में बेहतर हो। बेशक़ महिला आरक्षण बिल का लाना अच्छी सोच है लेकिन महिला की सामाजिक हैसियत का भी मज़बूत होना ज़रूरी है कि वह खुद अपने लिए लड़ सके और गरिमा के साथ जी सके।

अब जब लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पास हो गया है और लगभग सारे सांसद इसके समर्थन में हैं तो अगली की अगली (2029) लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 182 तो न्यूनतम होगी ही। परिसीमन के बाद यह बढ़ भी सकती है। हमारी संसद और विधानसभाओं में यह 15 प्रतिशत से ज़्यादा कभी नहीं रही। यहां तक कि पाकिस्तान (20 प्रतिशत), नेपाल (21) और बांग्लादेश (33) में भी महिला सांसदों की संख्या हमसे ज़्यादा है। दुनिया का औसत भी 26 फ़ीसदी है। भारत दुनिया में 141वें क्रम में है। यानी 140 देश महिलाओं को चुनने में हमसे आगे हैं। वर्तमान लोकसभा में सर्वाधिक महिला सांसद (82) हैं। सभी दलों ने बिल का स्वागत तो कर दिया है लेकिन ये खुद कभी अपने दलों में 33 फ़ीसदी टिकट महिलाओं को नहीं देते। केवल तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस ही थोड़े बेहतर हैं।

परिसीमन बड़ी चुनौती इसलिए साबित हो सकता है क्योंकि जनसंख्या के आधार पर सीटें पाने में उत्तर भारत हावी रहा है। दक्षिण में शिक्षा और परिवार नियोजन अपनाने के बाद आबादी पर नियंत्रण हुआ है, उत्तर भारत की आबादी बढ़ती जा रही है। 1971 की जनगणना के बाद आखिरी बार यह संख्या 543 हुई। ज़्यादा आबादी ज़्यादा सीटों के फ़ॉर्मूले पर दक्षिण को एतराज़ है। जनगणना की प्रक्रिया अगले दो सालों में पूरी हो पाती है और उसके बाद परिसीमन की, तब ही 2029 की लोकसभा बढ़ी हुई महिला सदस्यों को देख पाएगी। भारतीय जनता पार्टी का यह मास्टर स्ट्रोक इसीलिए भी कहा जाना चाहिए क्योंकि उसने महिला मतदाता को खुद से न केवल 24 बल्कि 29 के आम चुनावों तक से जोड़ लिया है। यह सच है कि 19 वीं लोकसभा के लिए पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज़्यादा मतदान किया और भाजपा अपनी सफलता में इसे भी एक बड़ा कारण मानती है। लगभग तीन दशक से अधर में झूल रहे इस बिल को आधार देने के प्रयास पर जनता की पैनी नज़र होगी। स्त्री शक्ति ने ऐसा सकारात्मक माहौल तो बनाया है कि अंदर से विरोध करती रही पार्टियों को भी आज समर्थन की मुद्रा में आना पड़ा है।

लगभग तीन दशकों से देश पंचायत और शहरी निकायों में ऐतिहासिक 33 फ़ीसदी महिला आरक्षण का भी साक्षी रहा है। इन बातों में कोई दम नहीं है कि सरपंच पति या मुखिया पति बनकर महिलाओं के पति ही कामकाज चलाते हैं। जैसा पुरुष प्रधान हमारा समाज है वहां इस दौर से भी गुज़रना होगा। महिला किस तरह बेड़ियों को तोड़कर अपनी संवैधानिक ताकत को पहचानती है, उसके लिए नीना गुप्ता और रघुवीर यादव की वेब सीरीज पंचायत देखी जानी चाहिए। हल्ला 'कोटे में कोटा' का भी है। महिलाओं में भी पिछड़ी महिलाओं के आरक्षण की बात दलों के मुखिया कर रहे हैं। ओबीसी कोटा को शामिल करने का आग्रह है जबकि पुराने बिल में ऐसा नहीं था। देखना होगा कि ये दल किस तरह सहमति बनाते हैं। यूं जिस शक्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी अभी संसद में मौजूद है, इस बार सब कुछ कर सकती थी। महिला मतदाता अब बड़ी भूमिका में होंगी। मूमल की मां भी और नए दौर में उसे यह एहसास भी है कि लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले भारत की संसद में उसकी बेटियां अब ज़्यादा से ज़्यादा शिरकत करेंगी। दोहराना ज़रूरी है कि उन्हें चौकन्ना रहना होगा कि नीयत और इवेंट मैनेजमेंट के बारीक फर्क को भी समझ सकें। चुनावी वैतरणी पार करने के लिए उनकी भावनाओं का इस्तेमाल न हो सके। चुनकर वे ही महिलाएं आएं जो स्त्रियों की आवाज़ को लोकतंत्र के सर्वोच्च शिखर पर बुलंद कर सकें, दल की परछाई बनकर नहीं। नई संसद में सोनिया गांधी ने बहुत ठीक ही आग्रह किया- 'स्त्री के त्याग, स्त्री की गरिमा और स्त्री के धैर्य को पहचान कर ही हम लोग मनुष्यता की परीक्षा में पास हो सकते हैं।' नारी शक्ति वंदन अधिनियम नेताओं की असल परीक्षा होगी और रिपोर्ट कार्ड में स्त्रियां अंक भरेंगी।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव

■ गिरीश लिंगन्ना

**खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था।**

1947 में भारत को ब्रिटेन से आज़ादी मिलने के बाद, कुछ लोगों ने नहीं सोचा था कि इतने सारे अलग-अलग क्षेत्रों वाला देश एक साथ रह सकता है। भारत एकजुट रहने में कामयाब रहा है, लेकिन इसकी एकता के लिए चुनौतियां भी बनी रही हैं। एक महत्वपूर्ण चुनौती खालिस्तान आंदोलन है, जो सिखों के लिए एक अलग देश बनाना चाहता है। 18 सितंबर को केनेडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि खालिस्तान की आजादी का समर्थन करने वाले कनाडाई सिख नेता की गत जून में की गई हत्या के लिए भारत सरकार के एजेंट जिम्मेदार थे। भारत सरकार किसी भी संलिप्तता से इनकार करता है और केनेडा पर 'आतंकवादियों और अलगाववादियों' को पनाह देने का आरोप लगाता है। कितना गंभीर है खालिस्तान आंदोलन?

खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था। उनके सुधार, जिन्हें 'खालसा' परंपरा के रूप में जाना जाता है, ने सिख धर्म के तौर-तरीकों को बदला तथा उन्हें अनुयायियों को नये ढंग से संगठित किया। इसका एक राजनीतिक उद्देश्य भी था: पंजाब में सिख शासन स्थापित करना।

जब भारत को आज़ादी मिली, तो कुछ सिख अपना अलग देश बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी संख्या ज़्यादा नहीं थी। 1941 की जनगणना के अनुसार ब्रिटिश काल के भारतीय पंजाब प्रांत में सिक्खों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत थी। अंग्रेज़ों ने पंजाब को दो भागों में बांट दिया, कुछ हिस्सा भारत को और कुछ पाकिस्तान को दे दिया। पाकिस्तान की ओर रहने वाले अधिकांश सिखों ने भारत आने का फैसला किया।

इसके खालिस्तान बनाने का विचार दूर नहीं हुआ। यह 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में ब्रिटेन और केनेडा जैसे देशों में सिख समुदायों द्वारा संचालित होकर वापस आया। 1980 में, लंदन में जगजीत सिंह चौहान नाम के एक डॉक्टर ने 'खालिस्तान गणराज्य' का अध्यक्ष होने का दावा किया।

भारत सरकार पहले खालिस्तान को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थी क्योंकि वे भारत के एक राज्य पंजाब की राजनीति को लेकर ज्यादा चिंतित थे। 1970 के दशक में, पंजाब में लोग अधिक स्व-शासन और सिखों के पक्ष में नीतियों की मांग कर रहे थे। उस समय भारत में सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस ने सोचा कि ये अनुरोध भारत से अलग होने की दिशा में एक कदम था। 1980 के दशक में पंजाब में स्वशासन की यह मांग हिंसात्मक आंदोलन में बदल गई।

कुछ हिंसा इसलिए हुई क्योंकि अधिक से अधिक लोग जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुसरण कर रहे थे, जो एक चरमपंथी विचार वाले उपदेशक थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में सिख 'गुलाम' की तरह थे और वे चाहते थे कि वे अपने धर्म की मूल मान्यताओं पर वापस लौटें। भिंडरावाले ने खुले तौर पर खालिस्तान की आजादी की मांग नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर इसकी पेशकश की गई तो वह इनकार नहीं करेंगे। उनके शब्दों ने लोगों के विभिन्न समूहों के बीच हिंसा को और भी बदतर बना दिया।

सबसे महत्वपूर्ण क्षण 1984 में हुआ। उस समय, भिंडरावाले और उसके अनुयायियों ने पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थान स्वर्ण मंदिर पर कब्जा कर लिया था। वे वहां से अपने विद्रोह का नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे ही राज्य में हिंसा फैली, भारत सरकार ने आतंकवादियों को हटाने के लिए मंदिर में जाने का निर्णय किया।

ऑपरेशन ब्लू स्टार का खालिस्तान आंदोलन पर काफी प्रभाव पड़ा। अनुमान है कि इस ऑपरेशन के दौरान 3,500 से अधिक लोगों की जानें चली गईं, जिनमें कई सरकारी सैनिक, तीर्थयात्री और यहां तक कि खुद भिंडरावाले भी शामिल थे। इस हिंसा ने सिख समुदाय पर गहरा असर डाला और एक स्थायी भावनात्मक घाव पैदा कर दिया। कुछ ही समय बाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्होंने ऑपरेशन का आदेश दिया था, की उनके सिख अंगरक्षक द्वारा हत्या कर दी गई। इस घटना के कारण और भी अधिक हिंसा हुई, पूरे भारत में सिखों पर हमले हुए, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गये।

परिणामस्वरूप, खालिस्तान आंदोलन को बल मिला। भारत और अन्य देशों में सिख इस मुद्दे में शामिल हो गये और खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हिंसा बढ़ गई। 1985 में खालिस्तानी आतंकियों ने मॉन्ट्रियल से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान में बम रख दिया था। इस भयावह कृत्य के परिणामस्वरूप 329 लोगों की जानें चली गईं, जिनमें मुख्य रूप से कनाडाई थे।

समय के साथ भारत में खालिस्तान आंदोलन कमजोर पड़ गया। यह कुछ हद तक सरकारी कार्रवाइयों और अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण था। जबकि कुछ सिख अभी भी भिंडरावाले को एक शहीद के रूप में देखते हैं, बहुत कम लोग उसके रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं, और जो ऐसा करते हैं उन्हें तुरंत रोक दिया जाता है। खालिस्तानी स्वतंत्रता का समर्थन करने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी को हालिया राज्य चुनाव में 3 प्रतिशत से कम वोट मिले।

भारत के बाहर खालिस्तान आंदोलन सक्रिय रहता है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और केनेडा में ऐसे समूह हैं जो अभी भी अलगाववाद की वकालत करते हैं। निज्जर की हत्या और ट्रूडो के भारत पर आरोप लगने से पहले से ही केनेडा के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण थे। इसी तरह का तनाव दूसरे देशों के साथ भी पैदा हो सकता है। खालिस्तान का मुद्दा भारत की आंतरिक एकता के लिए फिलहाल खतरा नहीं हो सकता है, परन्तु इसका उसकी विदेश नीति पर प्रभाव पड़ना जारी है।

## पावन प्रसंग

# समूचे विश्व में पूजा होती है गणेश की

किसी भी शुभ कार्य से पूर्व गणपति का पूजन भारतीय परम्परा की विशिष्टता है। गणपति को विघ्नेश, एकदन्त, गणपति, गजानन, गणनायक गणाधिपति गणाध्यक्ष तथा लम्बोदर इत्यादि अनेकानेक नामों से पूजा जाता है। गणेश जी का स्वरूप गणपति का आदर्श माना जाता है. यही वजह है कि लोक चेतना में उनका यह स्वरूप इतना समाया हुआ है कि प्रत्येक मांगलिक कार्य तथा विधि विधान उन्हीं के पावन स्मरण, आह्वान तथा पूजा-अर्चना से शुरू होता है। ऋद्धि-सिद्धि के देव गणेशजी न केवल भारत में, अपितु तिब्बत, चीन, बर्मा, जापान जावा तथा बाली इत्यादि तमाम देशों में भी विभिन्न रूपों में पूजे जाते हैं। यही नहीं, इन देशों में गणेशजी की प्रतिमाएं भी चप्पे-चप्पे पर देखने को मिल जायेगी।

सफलता समृद्धि की सहचरी है. इसलिए बिना किसी व्यवधान के कार्य संपन्न कराने हेतु स्वयमेव सफलता प्राप्ति की दृष्टि से ही गणेश लाभ व लक्ष्य के स्वामी होकर सर्व पूजनीय हो गए। भारतीय पुराणों में गणेश जी की अनेकों कथाएं समाहित है बल्कि 'गणेश पुराण' की महिमा सीमाओं की संकीर्णता से परे है, इसलिए पश्चिमी देशों की प्राचीन संस्कृतियों में भी गणेश की अवधारणा विद्यमान है।

पश्चिम में रोमन देवता 'जेनस' को गणपति के समकक्ष माना गया है। ऐसा माना जाता है कि जब भी इतालवी व रोमन पूजा अर्चना करते थे तो वे अपने इष्ट जेनस का नाम लेते थे। 18 वीं शताब्दी के संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान विलियम जोन्स ने जेनस व गणपति की पारस्परिक तुलना करते हुए माना है कि गणेश में जो विशेषताएं पाई गयी हैं वे सभी जेनस में भी है। यहां की रोगन व संस्कृत शब्दों के उच्चारण में भी इतनी समानता है कि दोनों देवों में अन्तर नहीं किया जा सकता।

भारत से बाहर विदेशों में बसने वाले भारतीयों ने भारतीय संस्कृति की जड़ों को काफी गहराई तक फैलाने का प्रयास किया और इन पर भारतीय देवताओं की पूजा उपासना का स्पष्ट प्रभाव था जो आज भी है। विदेशों में प्रकाशित पुस्तक गणेश-ए-मोनोग्राफ आफ द एलीफेन्ट फेल्ड गॉड में जो तथ्य उजागर किये गये हैं, उससे इस बात का स्पष्ट प्रमाण मिलता है कि विश्व के कई देशों में गणेश प्रतिमाएं बहुत पहले से पहुंच चुकी है और विदेशियों में भी गणेश के प्रति श्रद्धा और अटूट विश्वास रहा है। विदेशों में पाई जाने वाली गणेशजी की प्रतिमाओं में इनके विभिन्न स्वरूप अलग-अलग देखे गये हैं। जावा में गणेश की मूर्तियों में वे पालथी मार कर बैठे दिखाये गये हैं, उनके दोनों पैर जमीन पर टिके हुए हैं व उनके तलुए आपस में मिले हुए हैं। हमारे देश में गणेश जी की मूर्तियों में उनकी सूंड प्रायः बीच में दाहिनी या बांई और और मुड़ी हुई है किन्तु विदेशों में वह पूर्णतया सीधी, सिरे से मुड़ी हुई है।

जापान में गणेश को 'कातिगेन' नाम से पुकारा जाता है। यहां पर बनी गणेशजी की मूर्तियों में दो या चार हाथ दिखाये गये हैं। सन् 804 में जब जापान का कोबोदाइशि धर्म की खोज करने हेतु चीन गया तो उसे वहां बजबोधि और अमोधवज नामक भारतीय आचार्य विद्वानों द्वारा मूल ग्रन्थों का चीनी अनुवाद करने का मौका मिला तो चीन की मंत्र विद्या प्रणाली में गणेश जी की महिमा को भी वर्णित किया गया। सन् 720 में चीन की राजधानी लो याग अमोध्वज पहुंचा, जो भारतीय मूल का ब्राह्मण था, जिसे चीन के कुआग-फूं मंदिर में पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में अमोध्वज से एक चीनी धर्म परायण व्यक्ति हुई कुओ ने पहले दीक्षा ली, फिर उसने कोषोदाइशि को दीक्षा दी, जिसने वहां के विभिन्न मठों से संस्कृत की पांडुलिपियां एकत्र कीं व सन् 806 में जब व जापान लौटा तो बज धातु के महत्वपूर्ण सूत्रों के साथ गणेश जी के चित्र भी साथ ले गया, जिसे सुख-समृद्धि पर परब्रह्म की जानमयी शक्ति के रूप में माना गया। जापान के कोयसान सन्तसुजी विहार में गणेश की चार चित्रावलियां रखी गयी है जिनमें युग्म गणेश, षड्भुज गणेश चतुर्भुज गणेश तथा सुवर्ण गणेश हैं।

**चेतन चौहान ( सुमन सागर से )**

## आपके पत्र

# महिला आरक्षण -दूर के ढोल सुहावने

ये तो मानना ही पड़ेगा कि साहिब जी ने लुकाछिपी के बीच एक बड़ा खेला किया है। देश की सबसे कमज़ोर नस जिसका बड़ा हिस्सा धार्मिक पाखंड में, आज़ादी के 75 साल पूरे होने के बाद भी डूबा हुआ उसे एक ऐसा दिवास्वप्न दिखा दिया है। जिससे लगता है वे भोली-भाली महिलाएं चपेट में आ जाएंगी। ये एक ऐसा हथियार है जो नगर निकायों से लेकर पंचायतों में पहले से मिल चुका है और अब महिलाएं इसे कम ही सही इस्तेमाल कर रही हैं।

लगता है, पांच दिन का विशेष सत्र महिला आरक्षण के नाम ही रहेगा। जिस तरह का प्रारुप सामने आया है ऐसा तो कांग्रेस राज्यसभा में पहले पारित कर चुकी थी जिसमें एससी और एसटी को आरक्षण के अंदर आरक्षण की बात थी। बात तो तब भी पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के आरक्षण पर अटकी थी आज भी यही सवाल फिर उठ खड़ा हुआ था। यह कांग्रेस का ही महिला आरक्षण बिल है वह इस पर भी आसानी से मुहर लगा देती किंतु यह इंडिया गठबंधन में दरार पैदा कर देता इसलिए आज कांग्रेस भी पिछड़े वर्ग के महिला आरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। कहने का आशय यह कि जैसा कि साहिब जी ने कहा कि प्रभु की इच्छा से ही यह नेक काम मेरे हाथों होना था। हो सकता है बहुमत के कारण यह बिल दोनों सदन में पास भी हो जाए किंतु अमलीजामा 128वां संशोधन विधेयक तभी पहन पाएगा जब देश की जनगणना होगी। 1973 के बात नया परिसीमन होगा। तब तक बहुत कुछ आया राम गया राम हो चुका होगा। उम्मीद की जा रही है कि यह सन् 2029 के आमचुनाव तक ही यह कानून का स्वरूप धारण कर पाएगा। वह श्रेय किसे मिलेगा यह आगत वक्त ही बताएगा।

मतलब यह है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक की दूर के ढोल सुहावने जैसी स्थिति बन रही है। यह दूर की कौड़ी लगभग वैसी ही है जैसे पंद्रह लाख खाते में आना, दो करोड़ युवाओं को रोजगार देना या भ्रष्टचार रोकने लोकपाल बनाना-वगैरह थीं। देश की आधी आबादी को लुभाने का यह तरीका उनके अनुसार फायदेमंद और ऐतिहासिक होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि यह उनको सफलता दिलाएगा क्योंकि यह मन मानकर जल्दबाजी में इसलिए किया जा रहा है ताकि अंदर से संघ और कट्टर भाजपाई मुखर ना हो पाएं। वे पहले से महिला विरोधी हैं। साहिब महिलाओं की पीड़ा भुनाना चाहते हैं। महिलाओं को सोचना चाहिए कि महिलाओं को घर बैठकर रहने की बात कहने वाले लोग जिस तेजी से आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उन्हें विशेष सुविधाओं की बात कर रहे हैं और क्यों? अचानक महिला आरक्षण नारी वंदन कैसे सामने और क्यों सामने आ गया? याद करिए विदेश में देश की शान बढ़ाने वाली महिला पहलवानों के साथ भाजपा सांसद की करतूतों पर इन्होंने कैसा मौन साधा। वे न्याय पाने चीखती-चिल्लाती रहीं, यहां तक कि इन पहलवान लड़कियों को अश्रु भी बहाने पड़े। मणिपुर में डबल इंजन सरकार का महिलाओं के प्रति क्या व्यवहार रहा सबने देखा है। मध्यप्रदेश में महिला संविदा शिक्षकों को इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने अपने मुंडन भी कराए। देश की बहू सोनिया गांधी और बेटी उमा भारती की स्थिति इनकी नज़र में क्या है? ये हम देख ही रहे हैं। सुषमा स्वराज जैसी मेधावी नेत्री जो प्रधानमंत्री बनने की हैसियत रखती थीं उनका हश्र भी सबने देखा। आज सदन में भाजपा की जो नेत्रियां हैं वे इतनी कमज़ोर बना दी गई हैं कि सरकार के गलत निर्णयों पर या महिला अत्याचार पर भी अपनी जुबां खोल नहीं पाती हैं। चुनावी दौर में उनका सम्मान और महिला आरक्षण बिल को नारी वंदन नाम दे देने से उनकी भलाई नहीं होगी।

**सुसंस्कृति परिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मेरी माटी मेरा देश



**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत सरेखों के ग्राम आमखेड़ा में आज मेरी माटी मेरा देश के तहत गांव में कलश यात्रा निकाली और कलश में मिट्टी ली गई और सभी को इस अभियान के बारे में बताया गया और इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव श्री बबलेश कुर्मी अतिथि शिक्षक राकेश शर्मा जी, छगन सिंह राजपूत, नेहरू युवा केन्द्र पूर्व ब्लॉक प्रभारी समाजसेवी रामबाबू कुशवाह,रामदयाल यादव ,वृंदावन यादव, जसमन कुशवाह और गांव के गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों ने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीम को सोपा ज्ञापन

**भेरुन्दा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** लोक सेवा केंद्र कर्मचारी संघ इकाई भेरूंदा के कर्मचारियों द्वारा अपनी तीन सुत्रीय मांगों को लेकर अनविभागीय अधिकारी भेरूंदा एम.एस.रघुवंशी को ज्ञापन सोपा गया। कर्मचारी संघ द्वारा तीन मागों लेकर सौंपे गएऐ ज्ञापन में मांग की गई हे की लोक सेवा केंद्र के कर्मचारियों को श्रम विभाग के निर्देश अनुसार कलेक्टर दर पर प्रतिमाह भुगतान किया जावे ,भुगतान ऑनलाइन सीधे कर्मचारियों के खाते में किया जावे, जिसकी प्रतिमाह लोक सेवा जिला प्रबंधक द्वारा समीक्षा की जावे लोक सेवा केंद्र के कर्मचारियों को आगामी निविदा उपरांत भी पूर्व में कार्यरत अनुभवी कर्मचारियों को बिना किसी उचित कारण के नौकरी से न हटाया जावे, इन मांगों को लेकर एसडीमश्री रघुवंशी को ज्ञापन सोपा गया हे। ज्ञापन सौंपने वाले कर्मचारियों में मुख्य रूप से विमल कुमार पवार, यूनुस खान , श्रवण चौहान, यूनुस खान दीपक राठौर , मीणा सहित मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

गैरतगंज में ``बाल स्वास्थ्य और पोषण`` संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

# स्वस्थ बच्चा ही आगे जाकर स्वस्थ समाज का निर्माण करता है : डॉ चौधरी

**रायसेन, देशबन्धु।** गैरतगंज में राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वधान में आयोजित बाल स्वास्थ्य और पोषण संवेदीकरण कार्यक्रम का स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह बहु-विभागीय कन्वर्जेन्स का अभियान है जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन सुपोषण भारत-कुपोषण मुक्त भारत पर आधारित है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण विषय है। एक स्वस्थ बच्चा ही आगे जाकर स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और प्रत्येक बच्चा स्वस्थ हो इसके लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रसव के समय आर्थिक सहायता योजना, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देना, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती व धात्री




महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए पोषण आहारों की जानकारी दी जाती है। साथ ही शत-प्रतिशत टीकाकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि पोषण माह अंतर्गत सही मायनों में बच्चों को सुपोषित करने, भारत को सशक्त और साक्षर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सके, जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ सके, इस दृष्टिकोण से भव्य रूप में यह आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह में अनेकों गतिविधियां, कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे कि पोषण का महत्व समझते हुए जागरूकता आए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु गैरतगंज को चयनित करने का कारण यह है कि गैरतगंज देश का पहला विकासखण्ड है जहां सफलतापूर्वक आईसीडीएच योजना का संचालन एनजीओ के सहयोग से किया जा रहा है। यह सभी की मेहनत और लगन का परिणाम है तथा गैरतगंज के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि पोषण माह अंतर्गत बच्चों की शारीरिक माप लेने का उद्देश्य यह भी है कि यदि कुछ बच्चे चिकित्सकीय सहायता वाले मिलते हैं तो हम उनका विकासखण्ड या जिला अस्पताल में बेहतर इलाज करवा सकें। हमें माताओं में कोलेस्ट्रेम फीडिंग या जन्म के समय दुग्धपान या 6 माह तक सिर्फ स्तनपान को प्रोत्साहन देना होगा। कार्यक्रम में मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री ओमकार सिंह तथा श्रीमती सोनम निनामा, एनसीपीसीआर की सदस्य सचिव श्रीमती रूपाली बेनर्जी सिंह ने भी संबोधित किया। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकत ने जिले में पोषण माह के दौरान विभाग द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों तथा कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री जिनेश सिंघई, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, महिला बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री संजय गहरवाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पोषण प्रदर्शनी का किया अवलोकन

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री कानूनगो ने कार्यक्रम स्थल पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गैरतगंज द्वारा लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शन में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों पर जाकर पोषण से भरपूर व्यंजनों का अवलोकन कर सराहना की। यह पोषण व्यंजन घर पर सुगमता से उपलब्ध होने वाली सामग्री से बनाए गए हैं। मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे की अध्यक्षता में प्रकाशकों, मुद्रकों की बैठक सम्पन्न

# लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

**रायसेन, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों, प्रकाशकों तथा मुद्रकों की बैठक सम्पन्न हुई।

कलेक्टर श्री दुबे द्वारा सभी प्रकाशकों तथा मुद्रकों को निर्वाचन प्रचार के लिए छपवाए जाने वाले निर्वाचन पर्चो, पोस्टर्स और फ्लैक्स आदि का मुद्रण और प्रकाशन के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क में किए प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी मुद्रित सामग्री में प्रकाशक तथा मुद्रक का नाम, निर्वाचन पता एवं संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य है।

कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि प्रेस संचालक, मुद्रक, प्रकाशकों से कहा कि मुद्रित कराने आने वाली सामग्री का अपने स्तर पर भी अध्ययन करें कि उस सामग्री में कोई भी ऐसी बात सम्मलित न की गई हो जो संविधान की मूल अवधारण के विरूद्ध हो और समाज में धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर द्वेष फैलाने वाली हो।

उन्होंने सभी प्रकाशकों, मुद्रकों से कहा कि ऐसी किसी भी निर्वाचन पैम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं किया जाए अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवाया जाए जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता नहीं लिखा हो। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर अथवा निर्वाचन सामग्री का मुद्रण नहीं करेगा और ना ही मुद्रित करवाएगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हों, द्वारा सत्यापित ना हो एवं जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट में मुद्रक को न दिया जाए तथा जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति न भेजी जाए।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग तथा जिला कोषालय अधिकारी श्री राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस संचालकों, मुद्रकों तथा प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क के प्रावधानों तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से बताया गया।

उन्होंने मुद्रित की जाने वाली सामग्री का भुगतान चेक से या ऑनलाईन माध्यम से लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित प्रेस संचालक, मुद्रक या प्रकाशक के खिलाफ दो हजार रूपए तक का जुर्माना या छः माह का कारावास या दोनों से दण्डित किए जाने का प्रावधान है। बैठक में प्रेस संचालक, मुद्रकों तथा प्रकाशकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

# बारिश में भीगते रहे बच्चे, समय पर नहीं पहुंचे शिक्षक




**रोहिताश्व शर्मा**

**सिरोंज, देशबन्धु।** कीचड़ से सने रास्तों से गुजरकर स्कूल पहुंचे बच्चे बारिश में भीगते रहे, क्योंकि समय पर शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचे। जिसके कारण शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

दरअसल मामला यह है कि छात्रावास में रहने वाली कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं तक की छात्राएं पैदल चलकर मल्सीपुर गांव के स्कूल में पढ़ने जाती है छात्रावास से माल्शीपुर शासकीय स्कूल की दूरी लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर है। जिसमें आधी सड़क सीसी रोड की तो वहीं आदि सड़क कीचड़ से भरी हुई हैं गुरुवार को छात्रावास से जब बच्चिया स्कूल के लिए निकली तो बरसात के बीच भीगती हुई जैसे तैसे कीचड़ में से निकाल कर जब स्कूल पहुंची गई, लेकिन जब वह दोपहर 12 बजे स्कूल पहुंची तो वहां ताला लगा मिला, वहीं बच्चियां बाहर खड़ी हुई बारिश में भीगती रही। इस स्कूल में पदस्थ एक नियमित शिक्षक पदस्थ और 3 अतिथि शिक्षकों में से कोई भी मौजूद नहीं था। जबकि सभी शासकीय स्कूलों के खुलने का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक का है।

सिर्फ इतना ही नहीं यहां पढ़ने वाली बच्चियों रोते हुए बताया कि न तो समय पर स्कूल खुलता है और ना ही कभी शिक्षक समय पर स्कूल आते हैं आज भी हम भीगते हुए एक से डेढ़ किलोमीटर पैदल कीचड़ में चलकर स्कूल आये और बारिश में पूरी तरह भीग गए। ठंडी हवा चलने के कारण हम सभी की तबीयत खराब हो जाती है स्कूल समय पर नहीं खुलने के कारण हम स्कूल के अंदर नहीं जा सके पैदल चलकर आने में वैसे ही हमें थकान हो जाती है तो वही छात्रावास में भी हमें अच्छा भोजन नहीं मिलता कभी-कभी भोजन में कीड़े भी निकालते हैं परन्तु बच्चों की सुनने वाला कोई नहीं



### शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

है। सीआरसी अजय सेन के मुताबिक यह मामला हमारे संज्ञान में अभी आया है हम मामले की जांच कर कार्रवाई करेंगे हमारा उद्देश्य शासकीय स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना है, यदि कहीं शिक्षा व्यवस्था को लेकर कोई भी लापरवाही सामने आती है तो हम संबंधित शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा हमेशा ही समय पर स्कूल संचालित किया जाता आज भी हम स्कूल के काम से ही बीआरसी कार्यालय में ही थे और समय पर अतिथि शिक्षक ने स्कूल खोला था। बारिश की बजह से कुछ परेशानी आ गई होगी।

**कृपा तिरकी प्रभारी, मल्सीपुर सिरोंज**

– माल्शीपुर स्कूल का मामला हमारे संज्ञान में आया है, स्कूल प्रभारी स्कूल के काम से ही जन शिक्षक कार्यालय में उपस्थित थी, जिससे वह समय पर पहुंच नहीं पाई होगी। वहीं अतिथि शिक्षक ने समय पर स्कूल खोला था ऐसा हमें बताया गया है। वहीं मध्यान्ह भोजन से संबंधित जो मामला है उसकी भी हम जांच कराएंगे, कमी मिलने पर संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई भी करेंगे।

**ओमप्रकाश रघुवंशी, बीआरसी सिरोंज**

# नप बैठक में हंगामे के बीच कई प्रस्ताव पारित



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद का गुरूवार को साधारण सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में एजेंडा के सभी 46 बिंदुओं को भाजपा पार्षदों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। जबकि विपक्षी पार्षदों ने नपा कर्मचारियों, व पीएम आवास के भराये गये फार्मों पर अबतक हुयी कार्यवाही के बारे में पूछा गया। साथ जानकारी न देने पर नेता प्रतिपक्ष नदीम खा ने सीएम ओं से कहा कि गरीबों के पैसे खर्च क्यों करवाये जब उनके फार्मों पर कोई कार्यवाही नहीं करना थी तो वही सपा पार्षद फारुख गौरी ने कहाकि बैठक में पुलिस क्यों बुलायी क्या हम गुंडे है। यह रहे प्रस्ताव ङ्क एजेंडा में विभिन्न वार्डों में सीसी रोड व नाली निर्माण की स्वीकृति व बासोदा नाका, से कुरवाई मार्ग, पंचकुईया से काशीघाट तक विघुत पोल व स्टीट लाईट, अविवादित नामांतरण आदि विषयों को निर्माण कार्य ध्वनिमत से पारित कर दिये गये। इसदौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव सहित पार्षदगण मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा होंगे मुख्य अतिथि

# अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता सम्मान समारोह कल सीहोर में होगा सम्पन्न



**भेरुन्दा, देशबन्धु।** नसरुल्लागंज सीहोर 23 सितंबर शनिवार को जिला मुख्यालय सीहोर के रुकमणी गार्डन में प्रतिष्ठित पत्रकार स्व. अंबादत्त भारतीय की 10वीं पुण्य तिथि पर सुबह 10.30 बजे पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि सीहोर शहर के गौरव कुबेरेश्वर धाम के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा होंगे। समारोह में भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार और मध्यप्रदेश गान के रचयिता महेश श्रीवास्तव को राष्ट्र स्तरीय, अरविंद शीले को राज्य स्तरीय और मनोज दीक्षित मामा को जिला स्तरीय सम्मान से समादृत किया जाएगा।

समारोह की अध्यक्षता मुंबई के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता, निर्देशक एवं स्क्रिप्ट राइटर मोहन आज़ाद करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में सीहोर जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर गोपाल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, सीहोर विधायक सुदेश राय, भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सीहोर प्रिंस राठौर, पालीवाल अस्पताल भोपाल के संचालक डॉ. जयप्रकाश पालीवाल, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर आदि को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया ने दी है। समारोह को सफल बनाने की अपील करने वाले पत्रकार बलजीत सिंह ठाकुर, प्रदीप चौहान, जुगल पटेल, राजकुमार गुप्ता, एआर शेख मुंशी, महेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, अखलेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, अनिल सक्सेना, शैलेंद्र श्रीवास्तव, संतोष सिंह, केजी बैरागी, सुमित शर्मा,दीपक पाटीदार, वसीम उद्दीन, वसीम खान, विनय भटेले,पुरुषोत्तम मीना, सक्षम पालीवाल, सुधीर पाठक आष्टा, मो. परवेज़ खान इछावर, श्रीमती पुष्पा शर्मा, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल भैरूंदा, मुकेश मेहता व कमलेश वैष्णव रेहटी आदि पत्रकार साथियों ने कार्यक्रम मे शामिल होने की अपील की है।

# राज्यपाल के नाम कांग्रेस ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भेरुन्दा तहसील के संपूर्ण क्षेत्र मे फसल नष्ट होने के कारण किसान भाईयों को बीमा राशि और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जाने कांग्रेस ने एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। जिसमें फसल का सर्वे कराकर बीमा राशि एवं मुआवजा राशि किसान किसानों को प्रदान की जाने की मांग की है। वहीं ज्ञापन देने से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने एसडीएम कार्यालय में हनुमान चालीसा का पाठ किया। उसके बाद महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम एम.एस.रघुवंशी को ज्ञापन सोपा। इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल रहे।

जिला जनपद पूर्व सदस्य सुरेश सेठी , ब्लॉक अध्यक्ष नसरुल्लागंज देवीसिह थारोल. पिछडा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष नसरुल्लागंज दिनेश कुशवाह. संजीव अग्रवाल टिंनी, विक्रम मस्तान शर्मा , संतोष गौर, संतोष काका, सुरेंद्र सिंह राजपूत, मोर सिंह राजपूत राजकुमार यादव, पूर्व जिला जनपद सदस्य



ममता कीर, मालती मालवीय, संजय पटेल, अजय पटेल, सत्यनारायण यादव एवं किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सैकड़ो मौजूद रहे।

# यादव समाज ने निकाली जनजागृति यात्रा

**भेरुन्दा, नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** यदुवंश समाज द्वारा भेरुन्दा तहसील के ग्राम गोपालपुर से बकतरा तक यादव समाज द्वारा जन जागरण कार यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सुबह 11 बजे बंजारी बालाजी गोपालपुर से शुरू हुई जो रेहटी, सलकनपुर, मालीबाया, बुधनी, शाहगंज होते हुऐ बकतरा पहुंचकर सम्पन्न हुई।



यादव समाज के प्रवक्ता बताया की हम बहुउद्देश के साथ ये सामाजिक जन जागरण का काम कर रहे है। शिक्षा का समाज मे प्रचार प्रसार कर समाज मे प्रचलित कुरीतियों को समाज से दूर करना, आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देना। सामजिक दृढ़ता का परिचय देते हुए आर्थिक सामाजिक राजनीतिक न्याय की और समाज को बढ़ाने वाले विषयों को लेकर नई शुरुआत सर्व यादव समाज द्वारा की गई है। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों की ओर से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि जो पार्टी समाज का ध्यान रखेगी उसके पक्ष में ही मतदान किया जाएगा। यात्रा में बुधनी विधानसभा के यदुवंशी समाज के अलावा देवास जिला आष्टा इंदौर उज्जैन आगर मालवा, शाजापुर,भोपाल, शिवपुर, सिवनी मालवा, हरदा, इंदौर, उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई स्थानो से यादव समाज के लोग शामिल हुए।

# कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**सिरोंज, देशबन्धु।** ब्लाक कांग्रेस व नगर कांग्रेस की वैभव गार्डन में आगामी दिनों में नगर में आ रही जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर सिरोंज लटेरी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कि गयी। बैठक में सागर लोकसभा प्रभारी राजेन्द्र सिंह, जिला सह प्रभारी अमित शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश कटारे एवं सिरोंज लटेरी के ब्लाक व नगर अध्यक्षों की मौजूदगी में बैठक शुरु कि गयी। बैठक में सागर लोकसभा ठाकुर ने बताया कि यात्रा कुरवाई मार्ग से सिरोंज आयेगी और भोपाल रोड से वापस अन्य जिले के लिऐ जायेगी। जिसके स्वागत व आगावानी को लेकर दावेदारों व अध्यक्षों व प्रकोष्ठ प्रमुखों को जिम्मेदारी सौंपी गयी। यात्रा के प्रमुख पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव जी यात्रा के द्वारा सिरोंज आयेंगे। इसदौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

सैकड़ो बच्चों ने नगर में जगाई इंडियन स्वच्छता लीक 2.0 की अलख

# नपा अध्यक्ष ने दिलाई स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** लाल परेड ग्राउंड में सैकड़ो विद्यार्थियों ने रविवार को आंगन, चौक चौबारा, गली मोहल्ला, सड़क सहित पूरे नगर को स्वच्छ रखने की शपथ ली। एक दिन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव द्वारा इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 का शुभारंभ किया गया। जिसके दूसरे दिन इसी अभियान के तहत पूरे नगर में स्कूली विद्यार्थियों और नपा कर्मियों ने स्वच्छता की अलख जगाई। स्कूली विद्यार्थियों ने अपने हाथ में स्वच्छता से भरे बैनर, तख्ती पर लिखे स्वच्छता भरे संदेश उठाए और रैली के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सचेत रहने की भावना जगाते हुए लाल परेड ग्राउंड पहुंचे। लाल परेड ग्राउंड में नवांकुर विद्यापीठ, सेंट एसआरएस स्कूल, भारत माता कॉन्वेंट स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल के अलावा अन्य स्कूलों के बच्चों को स्वच्छता के साथ-साथ निष्पक्ष रूप से मतदान करने



का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने कहा कि हम सभी के प्रयासों से पूरे देश में स्वच्छता के दूसरे पायदान पर पहुंचे हैं। इस स्वच्छता सर्वेक्षण में 50 हज़ार से लेकर 1 लाख तक के जनसंख्या वाले नगरों को शामिल किया गया था।

हमारा प्रयास इसी तरह जारी रहेगा और अब हम इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 में सभी की भागीदारी से पहले स्थान पर पहुंचने का प्रयास करेंगे।कार्यक्रम के दौरान नवांकुर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी लोगों से स्वच्छता के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देने की अपील की। वही नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा ने इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की बात करते हुए विद्यार्थियों से सहभागिता की अपील की। इस अवसर पर कराते सहित अन्य विधाओं में नगर का नाम रोशन करने वाले बच्चों और प्रतिदिन नगर की सफाई करने वाले सफाई कामगारों को फूल माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरिता रघुवंशी, सरिता जैन, योगेंद्र समैया पप्पू भैया, मयंक टॉक, सचिन श्रीवास्तव के अलावा राहुल कुमार नेमा, स्वच्छता मिशन के जावेद खान, सहज तेनगुरिया के अलावा बड़ी संख्या में गण नागरिक मौजूद थे।

### स्वच्छता के प्रति अब यह होगी गतिविधियां

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन शहरी अंतर्गत पखवाड़े में नगरीय क्षेत्र बासौदा में विशेष सफाई अभियानों का संचालन किया जाएगा। जिस तरह बाजारों सार्वजनिक स्थान आदि पर साफ सफाई करवाई जाएगी। इसी क्रम में नदी वह जलाशयों के किनारे सफाई हेतु श्रमदान दलों का पंजीयन भी कराया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता गतिविधियों का नियमित संचालन करते रहना है। जिसके तहत कचरा मुक्त शहर के लिए युवा संगठनों, नागरिकों और जिम्मेदारों के बीच गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अभियान में नेहरू युवा केंद्र, एनसीसी, एनएसएस, स्वच्छता प्रहरियों, स्वच्छता समूह, स्वच्छता ग्रहणी, व विद्यार्थियों आदि को शामिल किया जाएगा।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### राय आमला मे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभातपट्टन ब्लाक के ग्राम रायआमला निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। ग्राम रायआमला निवासी प्रमोद पिता नत्थू पाटिल ने पुलिस थाने में सूचना देते हुए बताया बुधवार सुबह उसके भाई देवेंद्र 36 साल को अचानक सीने में दर्द होने और उल्टी होने से उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसे तत्काल उपचार के लिए मुलताई के सरकारी अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। प्रमोद पाटिल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### ट्रेन से टकराकर नदी में गिरी महिला की मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम बासन्या निवासी एक महिला रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से टकरा गई। ट्रेन की टक्कर से महिला असंतुलित होकर ट्रेक के पास स्थित नदी में गिर गई। जिसके चलते महिला की मौत हो गई। बोरदेही पुलिस से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बासन्या निवासी उर्मिला पति शिवराम कहार 50 साल बुधवार शाम में अपने पुत्र के लिए घर से सावा लाने के लिए ग्राम बोरदेही के बाजार जा रही थी। इसी दौरान मार्ग में रेलवे ट्रैक के किलोमीटर 1/2 क्षेत्र में भैसाई नदी की पुलिया के पास ट्रैक पार करने के दौरान अचानक ट्रेन आ जाने से ट्रेन से टकरा गई। ट्रेन की टक्कर से उर्मिलाबाई ट्रैक के पास स्थित पुलिया से नदी में गिर गई। जिसके चलते उर्मिलाबाई की मौत हो गई। मृतिका के पति शिवराम कहार की रिपोर्ट पर बोरदेही पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स विकासखंड स्तरीय स्पर्धा का आज होगा आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन आज 22 सितंबर सुबह 10ः00 बजे से हाई स्कूल ग्राउंड, मिनी स्टेडियम पर किया गया है। खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रभारी योगिता चौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मुलताई में विकासखंड स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया है जिसमे 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग लेंगे।

---

ग्राम पंचायत पाटाखेड़ा के बाजार चौक पर एकत्रित हुई सभा

# कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में उमड़ा सैलाब



**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी विधानसभा के चिचोली ब्लॉक में भाजपा सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आक्रोश यात्रा निकाली गयी। ग्राम पंचायत पाटाखेड़ा के बाजार चौक पर हजारों की संख्या में क्षेत्र की जनता ने पहुंचकर जन आक्रोश व्यक्त किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन ने कहा कि आदिवासी वोट हमेशा कांग्रेस के साथ रहा है। कांग्रेस पार्टी से आदिवासी समुदाय की भावना जुड़ी हुई है। हमें उम्मीद है कि इस बार भी आदिवासी भाई बहन कांग्रेस को विजय का आशीर्वाद देंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने भाजपा के घोटाले गिनकर बताए। उन्होंने भी जनता से अपील की कि इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकिये।

पूर्व केबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने जन आक्रोश यात्रा के उद्देश्यों एवं इसकी जरूरत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भी जनता से इकट्ठा होकर कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं, नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस पूरे कार्यक्रम में मनोज आर्य, समीर खान उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यात्रा में भाग ले रही जनता ने शिवराज सरकार के खिलाफ असंतोष जाहिर किया। विशाल जनसमुदाय ने भाजपा के खिलाफ नारे लगाए।

### भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी जनता

आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रमेश काकोडिया ने अपने संबोधन में कहा जनता अब बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। वर्तमान समय में संविधान पर खतरा है, यदि संविधान नही रहा तो आदिवासियों की। पहचान संस्कृति और अधिकारों को बचाना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने बताया पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन, पूर्व केबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हेमंत वागद्रे के नेतृत्व में यात्रा जारी है। डॉ.रमेश काकोडिया के समर्थकों ने यात्रा में पधारे नेताओ का जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत किया।

### यात्रा में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदीप जैन, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, बैतूल जिला प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत मालवीय, डॉ.राजेंद्र देशमुख, संगठन मंत्री स्पेंसर लाल, यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, घोड़ाडोंगरी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, प्रदेश महामंत्री समीर खान, प्रदेश सचिव मनोज आर्य, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ.रमेश काकोडिया, विधायक ब्रम्हा भलावी, पूर्व जिला अध्यक्ष शांतिलाल तातेड, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रमेश गायकवाड, कांग्रेस सेवादल के यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सलमान खान, कांग्रेस जनपद पंचायत चिचोली अध्यक्ष सरस्वती प्रहलाद काकोडिया, उपाध्यक्ष सुनीता दीपक बारस्कर, जनपद सदस्य रामवती बाई, रंगा बाई, प्रमिला उइके, सावित्री कुमरे, कलार समाज के ब्लाक अध्यक्ष रोहित आर्य, लोकसभा प्रभारी सोशल मीडिया, संदीप विश्वकर्मा, कांग्रेस सेवादल के ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण आर्य, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस कैलाश आर्य, आदिवासी कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष बहादुर सिंह, महेंद्र आर्य, अकरम पटेल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नेकराम यादव, रविकांत आर्य, सरपंच गुलाब राव उइके, यूथ कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राहुल चंदेलकर, सुरेश यादव, दिलीप यादव, अंकित आर्य, महेश उइके, अमन खान, नवीन आर्य, आदिल खान, मोहन राठौर, मुकेश सोनी, अशोक राठौर, मनोज यादव, अजीत वरकड़े, शिवम उईके, अखलेश उइके, गोपाल परते, आयुष आर्य, कमलेश उइके, निलेश वामनकर, रज्जन यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

भाजपा-कांग्रेस पार्षदों के बीच हुई बहस

# संजीवनी क्लिनिक की जांच करने पहुंचे इंजीनियर



मुलताई, देशबन्धु। नगर के इंदिरा गांधी वार्ड में निर्माणाधीन संजीवनी क्लिनिक के निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में बुधवार भाजपा पार्षदों ने बैतूल जिला कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस से शिकायत की थी। जिस पर गुरुवार जांच करने के लिए इंजीनियर की टीम मुलताई पहुंची। जहा संजीवनी क्लीनिक का उनके द्वारा परीक्षण किया गया और ईटों के नमूने अपने साथ ले गए। करीब एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट सामने आ जाएगी। हालांकि जांच करने का अधिकारी निर्माण कार्य से संतुष्ट दिखे। लेकिन मौके पर पहुंचे भाजपा कांग्रेस के पार्षदों के बीच जमकर बहस हो गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

मुलताई नगर पालिका के उप यंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि बैतूल नगर पालिका परिषद के कार्यपालक नियंत्रित महेशचंद्र अग्रवाल द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड में निर्माणाधीन संजीवनी क्लिनिक का एनडीटी टेस्ट किया गया और ईंट के नमूने जांच अधिकारी अपने साथ ले गए। उन्होंने बताया की करीब 5 से 7 दिन में जांच रिपोर्ट सामने आएगी। इसके बाद ही निर्माण की गुणवत्ता की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मौके पर टेस्टिंग के लिए कार्यपालन यंत्री के साथ पहुंचे लैब टेक्नीशियन और अन्य कर्मचारी निर्माण की गुणवत्ता से संतुष्ट दिखे।

### भाजपा कांग्रेस के पार्षदों के बीच जमकर हुई बहस

संजीवनी क्लिनिक निर्माण गुणवत्ता की जांच करने पहुंचे अधिकारियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार, उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे एवं लोकनिर्माण विभाग की सभापति निर्मला उबनारे आदि के साथ भाजपा पार्षद रितेश विश्वकर्मा, वर्षा गढ़ेकर, डॉ जीए बारस्कर आदि भी पहुंचे थे।

जहां किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस शुरू हो गई। जनप्रतिनिधियों के बीच बहस होने के दौरान आसपास भारी जन समूह एकत्रित हो गया। जैसे-तैसे अध्यक्ष ने मामला शांत करवाया। हालांकि इस बहस का वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भाजपा पार्षदों द्वारा परिषद पर नगर पालिका की संचित निधि से ठेकेदार को किए गए भुगतान के संबध में आरोप लगाए गए जबकि उपाध्यक्ष और सभापति का कहना था कि भाजपा पार्षद जबरन उन्हीं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यों का विरोध कर रहे है।

---

# डॉक्टर का क्लीनिक सील होने के बाद भी इलाज जारी




**आमला, देशबन्धु।** वर्ष 2018 में क्लीनिक सील होने के बाद भी डॉक्टर देशमुख ने इलाज करना बंद नहीं किया है, पहले वह एक फर्जी तरीके से एक फोटो कॉपी की दुकान की आड में क्लीनिक संचालित कर लोगों का इलाज कर रहा था। मामला तब सामने आया जब एक मरीज अंकित वर्मा को गलत इंजेक्शन दे दिया जिसके कारण उसके पैर में चोट गंभीर रूप ले चुकी थी उसने अपना इलाज नागपुर के एक रजिस्टर्ड क्लीनिक में करवाया और डॉक्टर ने बताया कि आपको जो इंजेक्शन लगाया गया है वहां गलत है, जिसका साईड इफैक्ट हुआ।

वहीं डॉक्टर देशमुख से बात की तो डॉक्टर देशमुख ने बताया कि मैं आयुर्वेदिक का डॉक्टर हूं और मेरा रजिस्ट्रेशन 2018 में ही बंद हो गया था लेकिन मैं गुडविल के चलते अपना क्लीनिक चला रहा हूं और लोगों का इलाज कर रहा हूं।

इधर इस मामले में बीएमओ आमला मनीष नरवरे का कहना है कि मुझे आप के द्वारा जानकारी मिली है की डॉक्टर देशमुख अभी भी अपना क्लीनिक चला रहे हैं, मैने दो महीने पहले ही इनका क्लीनिक बंद कर दिया था लेकिन अभी भी यह गैर कानूनी तरीके से अपना क्लीनिक चला रहे हैं, मैं इन पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश जारी करता हूं।

---

# युवती को सांप ने डसा अस्पताल में भर्ती



**सारनी, देशबन्धु।** घर में शौचालय न होने के कारण गुरुवार सुबह को खुले में शौच के लिए जा रही थी 18 वर्षीय युवती इमरती कासदे को सांप ने काट दिया। इसकी जानकारी परिजनों को लगती है पहले स्थानीय स्तर पर उपचार करने का कार्य किया गया। स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। इमरती के भाई मनीष कासदे ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व घर के सामने शौचालय का निर्माण पंचायत के माध्यम से किया गया था लेकिन उसकी गुणवत्ता खराब होने के कारण एक वर्ष में ही यह शौचालय ढा गया है ऐसी स्थिति में तब से घर परिवार के सभी लोग खुले में शौचालय जाने को मजबूर हैं।

---

23 को जैन दादावाड़ी में होगा भारत भविष्य युवा वाहिनी कार्यक्रम

# 15 हजार बहनें होंगी शामिल

**बैतूल, देशबन्धु।** आगामी 23 सितंबर को जिला मुख्यालय के जैन दादावाड़ी में भारत भविष्य युवा वाहिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बैतूल विधानसभा क्षेत्र की 18 से 25 वर्ष आयु की 15 हजार बहनें शामिल होंगी। कार्यक्रम में मेरे सपनों का भारत विषय पर विधायक निलय डागा बहनों के विचार व सुझाव लेंगे।

विधायक मेरे सपनों का भारत की तर्ज पर ही मेरे सपनों का बैतूल विषय पर भी चर्चा करेंगे। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 23 सितंबर को सुबह 11:30 बजे जैन दादावाड़ी में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें बहनों के विचार व सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। उकसे बाद विद्वानों का उद्बोधन होगा। इसके बाद भाग्यशाली बहनों का सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। सम्मान भोज व सांस्कृतिक धमाल कार्यक्रम के साथ आयोजन सम्पन्न होगा।

### इन विषयों पर लेंगे बहनों से लेंगे सुझाव

मेरे सपनों का भारत में आपके क्या सुझाव है, क्या बैतूल में मेडिकल कॉलेज, कृषि कॉलेज, लॉ कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज होना चाहिए ? रोजगार हेतु आपकी पसंद ? 1. बड़ा उद्योग 2. बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी 3. मल्टीनेशन कंपनी, क्या हवाई यात्रा हेतु हवाई पट्टी, एरोड्रम होना चाहिए ? क्या आप हाईटेक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स (खेल मैदान) जहाँ अंतर्राष्ट्रीय मैच हो सके, चाहेंगे ? नही आवश्यकता नही। बड़ी ट्रेन का स्टॉपेज, जो आप चाहते हो ? क्या बेरोज़गारी भत्ता मिलना चाहिए ? क्या सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन फार्म नि:शुल्क भरे जाने चाहिए ? सहित अनेक विषयों पर चर्चा एवं सुझाव लिए जाएंगे।

### इस उद्देश्य को लेकर हो रहा आयोजन

विधायक श्री डागा ने बताया कि युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आंखों में भविष्य के स्वप्न होते हैं, समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। बैतूल के विकास में भी इन युवाओं के सुझाव महत्वपूर्ण साबित होंगे। इसी उद्देश्य से भारत भविष्य युवा वाहिनी का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि सर्वप्रथम युवा बहनों के सुझाव लिए जा सके।

---

# भाजपा सरकार के कुशासन के प्रति जन आक्रोश : पचौरी



**भैंसदेही, देशबन्धु।** भाजपा सरकार के खिलाफकांग्रेस जन आक्रोश यात्रा भैंसदेही विधानसभा के गुदगांव बस स्टैंड चौक पर पहुंची इस यात्रा में कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी प्रदीप जैन यात्रा सब प्रभारी मुलताई विधायक सुखदेव पांसे आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वाग्रदे क्षेत्रीय विधायक धरमु सिंह सिरसाम ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनय शंकर पाठक मौजूद थे।

आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी जी ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा का उद्देश्य शिवराज सरकार के 18 साल के कुशासन से दवी जनता के दुख दर्द कोअभिव्यक्त करना है यह जन आक्रोश किसने की आमदनी घटाने बहन बेटियों को असुरक्षित बनाने नौजवानों से रोजगार छीन लेनेके खिलाफ है यह जन आक्रोश पूरा सरकार को विदा करने के लिए है ताकि जनता में नया जोश आए और यह एक जन प्रिय ठोस सरकार बने यात्रा में सह प्रभारी सुखदेव पांसे और विधायक धरमु सिंह सिरसाम रामु टेकाम ने कहां कि भाजपा की सरकार भटक चुकी है।

हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है युवा किसान महिला मजदूर व्यापारी सब परेशान है प्रदेश जनता आप भ्रष्टाचार वाली भाजपा सरकार को हटाने और कांग्रेस की गारंटी वाली सरकार को लाने का मन बना चुकी है भाजपा और शिवराज सिंह की 50त्न कमिशन की सरकार चल रही है सरकार ने किसानों और नौजवानों को धोखा दिया है द्यकार्यक्रम का संचालन मंडलम् अध्यक्ष धर्मेन्द्र मालवीय ने किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरुकता सेमिनार का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई जिला चिकित्सालय द्वारा गुरूवार को जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।जेल के कैदियों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।डॉ.संजय खातरकर द्वारा नशा एवं उससे होने वाली मानसिक बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी सांझा की गई।डॉ.अमृत राजे द्वारा मरीजों को तनाव एवं उससे निपटने के उपायों पर चर्चा की।साइकोलॉजिस्ट ममता सोने द्वारा मानसिक स्वास्थ्य लाभ के लिए स्क्रीनिंग कर उचित परामर्श दिया गया।कार्यक्रम में मनकक्ष नोडल अधिकारी एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. संजय खातरकर,डॉ. अमृत राजे,साइकोलॉजिस्ट ममता सोने,नर्सिंग ऑफिसर मुकेश पाटिल तथा जिला जेल के जेलर योगेन्द्र पवार,मेडिकल ऑफिसर डॉ.राज पाण्डेय उपस्थिति रहे।

### जन आक्रोश यात्रा के आगमन पर सेवादल यंग ब्रिगेड ने किया भव्य स्वागत

**बैतूल।** जिले में जन आक्रोश यात्रा के आगमन पर सेवादल यंग ब्रिगेड जिला बैतूल ने घोड़ाडोंगरी विधानसभा के ब्लॉक चिचोली में यात्रा का भव्य स्वागत किया। फौजी ढाबा पर जिला अध्यक्ष सलमान खान एवं घोड़ाडोंगरी विधानसभा प्रभारी विकास नागवंशी सह. प्रभारी संजू वटी, नवनीत आर्य, अर्पित आर्य, अभिमन्यु यादव, रोहित उइके, अंकुश मिश्रा, रिंकू मालिया, सानू कावड़े व सेवादल यंग ब्रिगेड के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल होकर जनता के बीच प्रदेश सरकार की नाकामी को उजागर किया। घोड़ाडोंगरी विधानसभा प्रभारी विकास नागवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के द्वारा प्रदेश में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। युवाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। व्यापम जैसे घोटाले भी भाजपा सरकार में हुए है। युवा बेरोजगार घूम रहे है। इसलिए भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता में आक्रोश है।

---

घोड़ाडोंगरी ब्लाक के फुटबाल खिलाड़ियों का रामरखयानी स्टेडियम सारनी में हुआ चयन

# समर्पण भाव के साथ खेलना ही खेल के जादूगरों का कार्य : किशोर



**सारनी, देशबन्धु।** खेल से बेहतर कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता बसार्थ निष्ठा और समर्पण भाव होना चाहिए यह उद्गार नगर पालिका परिषद सारणी के अध्यक्ष किशोर बरदे ने मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसी ब्लॉक स्थार खेलकूद प्रतिस्पर्धा को सारनी के रामरख्यानी स्टेडियम में संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से विद्यार्थी जीवन से ही युवा ब्लॉक जिला संभाग प्रदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बन सकता है।खेल के साथ-साथ विद्यार्थियों को पढ़ाई की ओर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।वहीं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रजीत सिंह ने कहा कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले विद्यार्थी भी खेल के प्रति समर्पित है और बेहतर खेल प्रदर्शन का कार्य कर रहे हैं।ऐसे विद्यार्थी जो खेल में अच्छा स्थान रखते हैं लेकिन पारिवारिक आर्थिक परेशानी की वजह से वह खेल नहीं पा रहे हैं ऐसे विद्यार्थियों को हमारे माध्यम से सहयोग करके उन्हें खेल के प्रति समर्पण भाव और समर्पित करने का कार्य किया जाएगा मप्र शासन खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विकासखंड खिलाड़ियों के चयन स्पर्धा 2023 सारनी के रामरख्यानी स्टेडियम में आयोजित किया गया।

जिला खेल अधिकारी पूजा करील बैतूल एव शैलेंद्र शर्मा घोड़ाडोंगरी विकास खण्ड समन्वय खेल प्रभारी एव वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी कोच रंजीत डोंगरे ने बताया कि खेलो इंडिया एमपी 2023 गेम्स के तहत घोड़ाडोंगरी खण्ड स्तर पर स्थानीय रामरख्यानी स्टेडियम सारनी में गुरुवार को एक दिवसी फुटबॉल वॉलीबॉल खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया प्रतिस्पर्धा सुबह 11 बजे से फुटबॉल गेम्स अंडर 18 आयु वर्ग छात्रों छात्राओं घोडाडोंगरी विकासखंड स्तरीय टीम का चयन किया गया। फुटबॉल के साथ-साथ खो-खो, वॉलीबॉल,कबड्डी,एथलीट्स अन्य खेलों के चयन किए गए ।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पंवार,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक,रंजीत सिंह,योगेश बर्डे,गणेश मस्की,अंजनी सिंह,विनय मदने, विलाश चौधरी ने बच्चो से हाथ मिलाकर खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य के किये उनका हौसला बढ़ाया ।चयन स्पर्धा में जिसमें क्षेत्र के कई युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी खेल योग्यता दिखाते हुए ट्रायल दिया जिसमें 18 छात्रों एव 2 छात्राओं का चयन किया गया।

अंडर 18 वर्ष के खिलाड़ियों का जो चयन हुआ है उसमें रविन्द्र मर्सकोले,तनिष सोना,राजवीर नागेश,मिथलेश सोना,मनोज कुमार,हिमेश आरसे, प्रेम सिंदूर,पुष्पेन्द्र सोना,यश बिसन्द्रे,अर्जुन उमरे,आयुष नागले,शुभम डेहरिया, अविनाश,तेजस खातरकर,पवन कुशवाहा,शेख आयन,बजरंगी भारती,कु.सृष्टि यादव,कुसुम भारती का चयन हुआ है ।चयनकर्ताओं अधिकारी वरिष्ठ खिलाड़ी कोच रंजीत डोंगरे,खेल शिक्षक रामा पंवार, खेल शिक्षक हिम्मत सिंह वर्मा,शैलेन्द्र शर्मा,धीरज सोना,आशीष डोंगरे, जय सिंदूर,पंकज चौहान एव अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी गण मौजूद रहे।

## सार समाचार

### खादी तथा ग्रामोद्योग एम्पोरियम का शुभारंभ आज

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जिले नर्मदापुरम में खादी तथा ग्रामोद्योग एम्पोरियम का शुभारंभ 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शॉप 21 एवं 22 आरसी मॉल कोठी बाज़ार कलेक्टर रोड नर्मदापुरम में किया जाएगा। खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियम का उद्घाटन अध्यक्ष, मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड श्री जितेन्द्र लिटोरिया करेंगे। प्रभारी प्रबंधक रीना मर्सकोले ने बताया कि खादी एम्पोरियम में खादी परिधान, सिल्क साड़ी आदि पर 20 प्रतिशत का विशेष डिस्काउंट एवं विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ द्वारा स्थापित ग्रामोद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद जैसे आचार, साबुन, कच्चीघनी का तेल शहद, हर्बल शेम्पू आदि की खरीदी पार 20 प्रतिशत का आकर्षक डिस्काउंट दिया जाएगा।

### प्रतिभा प्रोत्साहन योजना आवेदन करने की अंतिम तिथि 30

**नर्मदापुरम देशबनधु।** प्रतिभा प्रोत्साहन योजनांतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक/बालिकाओं को जेईई के माध्यम से एनआईटी में, नीट के माध्यम से शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने पर राशि रूपये 25000 तथा जेईई के माध्यम से आईआईटी में, नीट के माध्यम से एम्स में ,एनडीए में एवं क्लेट के माध्यम से एन.एल.आई.यू. में प्रवेश प्राप्त करने पर राशि रूपये 50000 प्रदान की जाती है। इस योजनांतर्गत एमपीटॉस पोर्टल के माध्यम से प्रतिभा योजना को विकेन्द्रीकृत किया गया है। विद्यार्थियों की प्रोत्साहन राशि का वितरण जिला स्तर से किया जायेगा।

### बिहार के जवान ले रहे हैं,पचमढ़ी में वनरक्षक का प्रशिक्षण



**पचमढ़ी देशबंधु।** इंदिरा गांधी वनरक्षक ट्रेनिंग स्कूल पचमढ़ी में बिहार के जवानों की वनरक्षक ट्रेनिंग चल रही है। पी टी आई संजय कोरी एक्स सुबेदार ए ई सी पचमढ़ी द्वारा 47 जवानों को फिजिकल एजुकेशन ट्रेनिंग दी जा रही है। संजय कोरी द्वारा सेना से सेवानिवृत होने के पश्चात लगातार धार्मिक सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई।

### समिति गठन का नर्मदापुरम पत्रकार संघ ने किया स्वागत

**इटारसी देशबन्धु।** नर्मदा पुरम पत्रकार संघ इटारसी ने प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकार सुरक्ष कानून बनाने के लिए उच्च स्तरीय समिति के गठन का स्वागत करते हुए बताया कि इसके लिए नर्मदापुरम पत्रकार संघ तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकाल करके अनुरोध कर चुका था।

नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार ने पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाए जाने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। उन्होंने कहा कि नर्मदा पुरम पत्रकार संघ इटारसी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से तीन बार अलग-अलग समय में मुलाकात करके उनसे अनुरोध किया था की पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कानून बनाया जाए। कानून किस रूप में और कैसा बनेगा इसलिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक समिति का गठन किया है। श्री पगारे ने कहा कि हमें उम्मीद है नई समिति सरकार को जल्द ही अपनी रिपोर्ट दे देगी और पत्रकारों की सुरक्षा का कानून मध्य प्रदेश लागू कर सकेगा। नर्मदापुरम पत्रकार संघ इटारसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजू जमनानी, संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे, कोषाध्यक्ष राजेश दुबे सहित समस्त पदाधिकारी एवं पत्रकारों ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### मंत्री विश्वास सारंग का स्वागत



**इटारसी देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मप्र शासन के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का जन आशीर्वाद यात्रा के पश्चात देर रात बरेली जाते समय डायवर्सन तिराहे स्थित श्री हनुमान मंदिर पर युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप रावत के नेतृत्व में युवाओं ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की एवं ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। मंत्री श्री सारंग ने श्री हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के कृष्णा गौर एवं सदस्यों ने मंत्री का स्वागत किया।

### नि:शुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप आज से

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में 22 एवं 23 सितंबर 2023 को आरटीओ नर्मदापुरम द्वारा नि:शुल्क दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन महाविद्यालय एवं उड़ान श्री वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से किया जा रहा है। प्राचार्य आरएस मेहरा ने बताया कि वे छात्राएं जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। छात्राओं को आधार कार्ड, चार फोटो, समग्र आईडी एवं महाविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र की छाया प्रति लाना अनिवार्य है। प्राचार्य श्री मेहरा ने बताया कि महाविद्यालय में लगभग 1500 छात्राएं अध्यनरत हैं, अधिकांश छात्राओं के पास दो पहिया वाहन हैं। लेकिन उनके पास लाइसेंस न होने के कारण कई परेशानियों का सामना उन्हें करना पड़ता है, इसलिए छात्राओं के लिए नि:शुल्क दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है।

# सड़कों के माध्यम से पक्का किया गांवों और शहर का रिश्ता

- तीन दशक पूर्व गांव और शहर बारिश में कट जाते थे।
- वर्षाकाल में दूध और सब्जियों के लिए तरसता था शहर
- अब शहर और गांवों के बीच हो रहा सालभर आवागमन

**इटारसी देशबन्धु।** तीन दशक पीछे मुड़कर देखेंगे तो हमें इटारसी को मध्यप्रदेश का प्रमुख रेल जंक्शन कहते गर्व तो होता था, लेकिन सड़कों से गांवों का जुड़ाव लगभग नगण्य था। ग्रामीण अंचलों से लोग कच्ची पगडंडियों या नहरों के रास्ते इटारसी में प्रवेश करते थे। वर्षाकाल में तो शहर गांव से पूरी तरह से कट जाता था और लोग सब्जी, दूध जैसी रोजमर्रा की चीजों के लिए कई-कई दिन तरसता था। आज इटारसी शहर की कनेक्टिविटी गांव से ऐसी हो गई कि सालभर आवागमन चलता है, गांवों का अर्थतंत्र भी इससे प्रभावित नहीं होता और ना ही शहर कभी दूध-सब्जियों के लिए तरसता है। यह सब हुआ है, दृढ़ इच्छाशक्ति और मन में विकास का संकल्प और सेवा की भावना से, और इसे साकार किया है विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने। करीब तीन दशक पूर्व जब उन्होंने जनसेवा का संकल्प लेकर राजनीति में प्रवेश किया था, उनके समक्ष विकास की कई चुनौतियां थीं, जिनमें से गांवों और शहरों के मध्य सालाना रिश्ता बनाने की भी बड़ी चुनौती थी। आज शहर एक दो सड़क से नहीं आधा दर्जन से अधिक जगहों से गांवों से जुड़ा है। जिला मुख्यालय की कनेक्टिविटी के लिए भी कई रोड हैं और कुछ पर काम चल रहा है।

### एक नजर इन रोडों पर

सांवलखेड़ा-खेड़ा मार्ग से दर्जनों गांव के लोगों के लिए इटारसी आना सुलभ हुआ तो इसी मार्ग से बुधवाड़ा होकर नर्मदापुरम की राह आसान हुई। सरस्वती स्कूल मालवीयगंज के सामने से पहाड़ी नदी के पुल से बोतलाई चौराह तक रोड बनने से डोलरिया, बोरतलाई, भीलाखेड़ी जैसे बड़े गांव जुड़े। मेहरागांव पुल से ग्वालबाबा तक रोड का चौड़ीकरण होने से यातायात सुगम हुआ है। नई गरीबी लाइन का अंडरब्रिज बनने से ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव कम हुआ और शहर के बड़े क्षेत्र के लोगों को लंबा फेर लगाने से निजात मिली। न्यास कालोन बायपास से रेलवे पुल के नीचे से होकर स्टेडियम के रास्ते नेशनल हाईवे से जुड़ाव हुआ। यहां पुलिया के नीचे की अड़चनों को हटाने का प्रयास जारी है। दोपहिया वाहन निकल रहे हैं।

### आगामी समय में ये होगा

शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए भविष्य में इस दिशा में और भी काम करने की योजना विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा की है। सोनासांवरी रेलवे क्रासिंग पर ट्रेनों के निकलते वक्त घंटों इंतजार जल्द खत्म होना है। यहां ओवरब्रिज निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। इससे फाटक बंद होने पर इंतजार नहीं करना होगा और गांवों के किसान कृषि उपज मंडी में अपनी उपज आसानी से ला सकते हैं। सोनासांवरी-सांवलखेड़ा मार्ग पर सोनासांवरी और मोथिया के बीच एलकेजी कालोनी के पास से स्वप्नेश्वर मंदिर होकर सरस्वती स्कूल के पास वाले रोड को जोड़ता एक रोड प्रस्तावित है, जिस पर तेजी से काम चल रहा है। एसडीओपी आफिस के लिए नये बस स्टैंड के पास भूमि का आवंटन हो गया है, वर्तमान आफिस को हटाकर न्यास कालोनी से सीधी ओवरब्रिज को जोड़ा जाएगा। रेलवे के नये फुट ओवरब्रिज के उद्घाटन के वक्त डीआरएम के समक्ष विधायक डॉ. शर्मा ने रेलवे स्टेशन से नयायार्ड रोड को नगर पालिका को सौंपने का आग्रह किया था, जिस पर उन्होंने सहमति दी थी कि रोड का रख-रखाव नगर पालिका कर सकती है, मालिकाना हक रेलवे का ही रहेगा। रेलवे से इसके लिए सहमति पत्र मिलने के बाद यहां के लोगों को धूप और जर्जर सड़क के लिए आंदोलन नहीं करने पड़ेंगे और आसपास के कई गांवों के लिए यह बेहद सुलभ मार्ग हो जाएगा।

### जनआशीर्वाद यात्रा में बोले वक्ता

# यात्रा को मिल रहा भारी समर्थन



**इटारसी देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश में निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा-4 इटारसी पहुंची और आरएमएस आफिस तिराहे पर एक जनसभा का आयोजन हुआ। जनसभा में वक्ताओं ने इंडिया गठबंधन को उनके एक नेता द्वारा सनातन धर्म की खात्मे वाले बयान पर घेरा तो पार्टी के नेता द्वारा कांग्रेस ज्वाइन करने पर भी कहा कि कांग्रेस के पास नेता नहीं, इसलिए हर चुनाव से पूर्व हमारा एक नेता ले जाते हैं। वक्ताओं ने यह भी बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि जनता के बीच हर आदमी नहीं जा सकता। जिसने जनता के लिए कुछ किया हो, वही जनता के बीच जाने की हिम्मत करता है। जनता उन्हें आशीष देती है, और जो नालायक होते हैं, उन्हें आशीर्वाद नहीं मिलता, वो जन आक्रोश ही करते रहते हैं। इसलिए मध्यप्रदेश में विकास करने वाली भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा निकल रही है और कांग्रेस जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन के पास कोई राजनैतिक ताकत नही, फिर भी वह सनातन धर्म को गाली दे रहे हैं।

हम आज जय श्रीराम के नारे लगा रहे हैं, इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो यह नारे भी नहीं लगाने देगा। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा शाम 7 बजे के स्थान पर करीब 10 बजे पहुंची। इतनी देरी होने के बाद भी नेताओं को सुनने लोग बड़ी संख्या में बैठे रहे। जन आशीर्वाद यात्रा में केबीनेट मंत्री विश्वास सारंग, नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक सिवनी मालवा प्रेमशंकर वर्मा, जिले की प्रभारी सीमा सिंह, यात्रा प्रभारी बंशीलाल गुर्जर, सह प्रभारी डॉ. बहादुर सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष माया नारोलिया, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शनसिंह चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल शामिल रहे।

यात्रा में शामिल नेताओं ने सिवनी मालवा विधानसभा के सुखतवा, केसला और पथरोटा में भी रथसभा की। जगह-जगह जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सभा में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रत्याशी नहीं रहते, इसीलिए हर बार चुनाव से पहले हमारे बड़े नेता को ले जाते हैं।

### पुलिस ने कांग्रेसियों को हिरासत में लिया

जन आशीर्वाद यात्रा इटारसी में प्रवेश कर रही थी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाए और काले झंडे लेकर पहली लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय से जय स्तंभ चौक पहुंचे। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को सभा स्थल से पहले ही गुरुद्वारे के रास्ते से रेलवे स्टेशन रोड पर खड़ी पुलिस गाड़ी में भरकर थाने ले गई। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, प्रतीक मालवीय, गोल्डी बैस, गौरव चौधरी, बाबू अग्रवाल, टोमु तिवारी, सौम्य दुबे, अर्चित नामदेव, निहाल ठाकुर, सचिन तिवारी, अभय भोला, विशाल बड़कुर, नमन पटेल, अमर ठाकुर, गोपाल नामदेव, जीतू राजपूत, रामशंकर सोनकर, सोनू बकोरिया, गोलू बस्तरवार, मयंक चौरे, प्रणीत मिश्रा को हिरासत में लिया। उधर जन आशीर्वाद यात्रा को काले झंडे दिखाने नर्मदापुरम से इटारसी जा रहे युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देहात थाना क्षेत्र में हरियाली के सामने पुलिस ने गाड़ियों पर रोका उसके बाद गिरफ्तार कर देहात थाना ले गई।

# नगर में जन आशीर्वाद यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत



**सोहागपुर देशबन्धु।** नगर में जन आशीर्वाद यात्रा शाम को 5:30 बजे पहुंची यहां पर सर्वप्रथम प्राचीन हनुमान मंदिर के पास कार्यकर्ता द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया इसके बाद एक विशाल रैली के रूप में नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई पुराने थाने के पीछे रानी लक्ष्मीबाई मंच पर पहुंची यहां पर सभा प्रारंभ हुई है जन आशीर्वाद यात्रा में प्रदेश के दो मंत्री अरविंद भदौरिया एवं राजवर्धन सिंह शामिल हुए नगर में यात्रा के दौरान विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरने का प्रयास किया यात्रा आने पर कार्यकर्ता उत्साहित देखें और हनुमान मंदिर पेट्रोल पंप सिविल कोर्ट चौराहा बाजार में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। नगर के कार्यकर्ताओं को मंच के पास अवस्था के चलते मंच के नीचे बैठाया गया। जिसमें कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ता भी शामिल है मंत्रियों ने शिवराज सरकार की उपलब्धियां का बखान किया और योजनाओं की जानकारी दी इस मौके पर मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा की दिल्ली की मेट्रो भी मध्य प्रदेश की बिजली से चल रही है परंतु यह बात आम लोगों को थोड़ी हजम नहीं हुई क्योंकि सुहागपुर विधानसभा में ही बार-बार कटौती और कई बार कटौती होती है बरहाल इस मौके पर महिला एवं पुरुष शहीद नगर के गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। पूरे नगर को बैनर पोस्ट से कार्यकर्ताओं के द्वारा पाट दिया गया था ।

# संयुक्त राजस्व आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश भोपाल एवं कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार संयुक्त राजस्व आयुक्त श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव ने विधानसभा 136 सिवनीमालवा के मतदान केंद्र क्रमांक 70 एवं 72शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बानापुरा, मतदान केंद्र क्रमांक 74 वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय सिवनीमालवा मतदान केंद्र क्रमांक 75 वन अधिकारी कार्यालय सिवनी मालवा, मतदान केंद्र क्रमांक 79 नगर पालिका डे केयर सेंटर भवन सिवनी मालवा तथा मतदान केंद्र क्रमांक 86 अनुसूचित जनजाति आदिवासी छात्रावास सिवनी मालवा का निरीक्षण किया । उन्होंने इन मतदान केंद्रों पर फॉर्म नंबर 6 ( मतदाताओं के नाम अधिक जोड़े गए हैं) तथा फॉर्म नंबर 7( मतदाताओं के नाम अधिक काटे गए हैं) की जांच की गई एवं भौतिक सत्यापन किया गया जांच में कार्य संतोष जनक पाया गया। निरीक्षण के समय अनुविभाग अधिकारी राजस्व सिवनीमालवा श्री अनिल कुमार जैन, तहसीलदार राकेश खजूरिया , राजस्व निरीक्षक सुमित भाटी एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण हेल्प लाइन: पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मिशन वात्सल्य अंर्तगत 21 सितंबर को रेवा सभा कक्ष में बाल संरक्षण एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के संचालन के संबंध में पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी श्री विजय प्रताप सिंह चौहान, द्वारा नवीन व्यवस्था अंर्तगत चाइल्ड हेल्प लाइन का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से किये जाने की जानकारी देते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन में आने वाले प्रकरणो एवं उनके त्वरित समाधान के बारे में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही चाइल्ड हेल्प लाइन के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रकरण हेतु



संबंधित विभागों यथा- शिक्षा, स्वास्थ्य पुलिस एवं अन्य से आवश्यक सहयोग प्राप्त करना आवश्यक है। अत: क्षेत्रीय स्तर पर इस संबंध मे सभी को अवगत कराना आवश्यक है। बाल संरक्षण अधिकारी श्री आशु पटेल द्वारा बाल संरक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मिशन वात्सल्य की नवीन गाइडलाइन अनुसार देखरेख एवं संरक्षण वाले बालको हेतु स्पांशसशिप के प्रावधानो, पात्रता एवं प्रकरणों के संबंध में सामाजिक जांच रिपोर्ट तैयार किये जाने के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही श्री पटेल द्वारा किशोर न्याय अधिनियम एवं लैगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी गयी। दत्तक ग्रहण नियम अंर्तगत अनाथ, अभ्यर्पित, परित्यक्त बच्चो के देश के अंदर एवं अर्तदेशीय दत्तक ग्रहण नातेदारी दत्तकग्रहण एवं सौतेले माता-पिता द्वारा दत्तक ग्रहण तथा भावी दत्तक माता-पिता की योग्यता एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदाय की गयी। प्रशिक्षण में श्री व्ही.पी. गौर, सहायक संचालक एवं जिले के समस्त पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास उपस्थित रहे।

### सशक्त लोकतंत्र के लिए अनिवार्य मतदान विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

# चुनाव का प्रतिशत ही देश की साक्षरता और जागरूकता निर्धारित करता है



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** नर्मदा कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त लोकतंत्र के लिए अनिवार्य मतदान विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अनिवार्य मतदान पर अपने तर्क प्रस्तुत किये। जिसमें पक्ष में स्वीटी गंगले और विपक्ष में केतन यादव प्रथम स्थान पर रहे। महाविद्यालय निर्वाचन नोडल अधिकारी डॉ आर एस बोहरे ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान का प्रतिशत ही देश और समाज की साक्षरता और जागरूकता को निर्धारित करता है। जब हर व्यक्ति बूथ तक जाता है तभी चौंकाने वाले परिणाम हमारे समक्ष होते हैं। अन्यथा चुनाव के प्रति उदासीनता का प्रतिफल जनता को गलत प्रत्याशी के चयन के पश्चात देखने को मिलता है। डॉ हंसा व्यास, डॉ के जी मिश्र, ने क्रमश: संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को बताया कि मतदान एक संवैधानिक कर्तव्य है। जो 18 वर्ष के वयस्कों को मताधिकार के रूप में प्राप्त हुआ है। अत: चुनाव से ही देश और प्रदेश को नेतृत्व क्षमता वाला व्यक्तित्व मिल सकता है जो सांस्कृतिक धरोहरों के साथ देश को विकास की ओर ले जा सकता है। देवांश बैरागी ने संचालन तथा डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने आभार व्यक्त किया। अरुण अहिरवार, सागर, सुहानी, सौरभ लौवंशी, विकास पटेल, दीपक असवारे, नीलिमा दामडे, अंकित ,राधिका विद्यार्थियों सहित डॉ अर्पणा श्रीवास्तव, रागिनी मालवीय, रूपाली शर्मा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान: वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**इटारसी देशबन्धु।** आज शासकीय कन्या महाविद्यालय में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में सत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में छात्राओं को जागरूक करने के लिए मतदान की लिए इव्हीएम क्यों आवश्यक है, विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं में मतदान के प्रति रुचि को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही लोकतंत्र में मत के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान बताया गया कि एक-एक मत से लोकतंत्र मजबूत होता है और लोकतंत्र में आम जनता की भूमिका सुनिश्चित होती है। स्वीप कार्यक्रम के नोडल रविंद्र चौरसिया ने कहा कि वोट डालना न केवल हमारी जिम्मेदारी है बल्कि हमारा अधिकार भी है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक स्नेहांशु सिंह, डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. संजय आर्य, श्रीमती पूनम साहू एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

## ऊर्जा साक्षरता अभियान के लिये मप्र को मिला अवॉर्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को आज ऊर्जा साक्षरता की दिशा में किये गये अनूठे प्रयास के लिये सोसायटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स (सीम) द्वारा नई दिल्ली में सीम स्टार परफार्मेंस अवॉर्ड-2022 से नवाजा गया। निगम की ओर से अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री श्री सुरेन्द्र बाजपेयी ने अवॉर्ड ग्रहण किया। देश में पहली बार आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण, नवकरणीय ऊर्जा के लाभ और मितव्ययता सिखाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 25 नवम्बर 2021 को आरंभ ऊर्जा साक्षरता अभियान (ऊषा) से 15 लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं।

ऊर्जा साक्षरता अभियान को यह अवॉर्ड आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाने के लिये दिया गया है। ऊषा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प देश को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। देश और दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु असंतुलन और बिजली के अपव्यय से बचाने के लिये मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा ऊषा अभियान की शुरूआत की गई है। देश की पहली साँची सोलर सिटी में 7 हजार नागरिक ऊर्जा साक्षर हुए हैं।

*लोकसभा चुनाव से पहले सपा ने कांग्रेस पर बनाया दबाव*

# छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश में कर रही चुनाव लड़ने की तैयारी

- अभी तक एक दर्जन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी की जा चुकी
- अखिलेश यादव 25 सितम्बर को छत्तीसगढ जा रहे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात करेंगे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मात द्रेने के लिए बना इंडिया गठबंधन फिलहाल आपस में ही उलझता दिखाई पड रहा है। संर्वाधिक 80 सांसदों वाले सूबे उत्तरप्रदेश की प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के सामने चुनौती पेश कर दी है।



माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले से साल के आखिर में होने जा रहे छत्तीसगढ और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की राह मुश्किल हो सकती है।

दिल्ली में सपा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सपा छत्तीसगढ की 90 विधानसभा सीटों में पार्टी कम से कम 40 सीटों पर चुनाव लडने पर विचार कर रही है।

पिछले चुनाव में पार्टी ने यहां से 10 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था और सभी पराजि हो गए थे। इसको अलावा मध्यप्रदेश जहां कांग्रेस पार्टी शिवराज सिंह की अगुवाई वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने का दावा कर रही है,वहां भी सपा ने अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। अभी तक एक दर्जन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी की जा चुकी है। माना जा रहा है कि यह सपा कि दबाव की रणनीति है। इसके तहत वह कांग्रेस पार्टी को बातचीत के लिए मजबूर करना चाहती है।

सपा की रणनीति हैकि या तो दोनों राज्यों में कांग्रेस उसके साथ समझौता कर ले और अगर समझौता नहीं भी हुआ तो लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बटवारे के समय उत्तरप्रदेश में वह कांग्रेस पार्टी को कोई रियायत नहीं देगी और दर्जन भर सीटों पर ही उसे सिमटा देगी।

फिलहाल अखिलेश यादव 25 सितम्बर को छत्तीसगढ जा रहे हैं। वहां वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के साथ ही एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसके अलावा सूत्र बता रहे हैं कि इस यात्रा के दौरान वे सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात करेंगें।

## रेलवे ने दुघर्टना मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा को 10 गुना बढ़ा दिया है। अब अगर ट्रेन हादसे में किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिजन को 50 हजार रुपए की जगह 5 लाख रुपए सहायता राशि मिलेगी। गंभीर घायल व्यक्ति को 25 हजार रुपए की जगह 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही मामूली चोट लगने पर 5 हजार की जगह 50 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा। रेलवे ने कहा कि अगर किसी ट्रेन में आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी भी तरह का हिंसक हमला होता है तो उनके पीड़ितों को भी मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2023 को एक सर्कुलर जारी करके मुआवजा राशि बढ़ाने की जानकारी दी थी। अब इसे लागू कर दिया गया है। ये नियम 18 सितंबर से लागू कर दिए गए हैं। इससे पहले 2012-2013 में इस राशि में संशोधन किया गया था।

- हादसे में जान गई तो 50 हजार की जगह 5 लाख मिलेंगे
- चोरी-डकैती होने पर भी पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

### घायलों का खर्चा भी सरकार उठाएगी

रेलवे ने कहा कि अगर कोई घायल अस्पताल में तीस दिन से ज्यादा भर्ती रहता है तो उसका बिल सरकार देगी। मरीज कितना गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा। यह पैसा भर्ती होने के 10 दिन का समय पूरा होने पर या फिर डिस्चार्ज होने के बाद दिए जाएंगे। आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी तरह की हिंसक घटना पर प्रतिदिन के हिसाब से 1,500 या 750 रुपए दिए जाएंगे। सर्कुलर के मुताबिक, रेलवे की गलती की वजह से अगर किसी का रेलवे गेट पर एक्सीडेंट हो जाता है तो वो भी मुआवजा पाने के लिए मान्य होगा। हालांकि, रेलवे स्टेशन पर करंट लगने से किसी की मौत होती है तो सहायता राशि नहीं दी जाएगी।

# महिला आरक्षण बिल : महिला उपाध्यक्षों के पैनल ने कराई चर्चा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राज्यसभा ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान एक नया रिकॉर्ड बनाया है। राज्यसभा में महिला उपाध्यक्षों के एक बड़े पैनल के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की गई। पीटी उषा से लेकर जया बच्चन और कनिमोझी से लेकर डोला सेन तक एक दिन के लिए कुल 13 महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं। उपाध्यक्षों के पैनल में नामांकित महिला राज्यसभा सदस्यों में पीटी. उषा, एस. फांगनोन कोन्याक, जया बच्चन, सरोज पांडे, रजनी अशोकराव पाटिल, डॉ. फौजिया खान, डोला सेन, इंदु बाला गोस्वामी, कनिमोझी एनवीएन सोमू, कविता पाटीदार, महुआ माजी, डॉ. कल्पना सैनी, सुलता देव शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, 2023 पर चर्चा के लिए 13 महिला राज्यसभा सदस्यों के उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया था।



- पीटी उषा से लेकर जया बच्चन और कनिमोझी से लेकर डोला सेन तक एक दिन के लिए कुल 13 महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं
- राज्यसभा ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान एक नया रिकॉर्ड बनाया

उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इस पद पर उनकी उपस्थिति से विश्वभर में एक शक्तिशाली संदेश जाएगा और यह इस बात का प्रतीक होगा कि परिवर्तन के इस युगांतकारी क्षण के दौरान वे (महिलाएं) एक 'प्रभावशाली पद' पर थीं। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (128 संविधान संशोधन विधेयक) पेश किया। यह बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। सरकार का कहना है कि बिल पास होने के उपरांत जनगणना होगी, सीटों का डीलिमिटेशन होगा। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी यह तय करने का कार्य डीलिमिटेशन आयोग करेगा। केंद्रीय कानून व न्याय मंत्री मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है, साथ ही दुनिया को दिशा दिखाने वाला एक महत्व महत्वपूर्ण कदम है। राज्यसभा में बिल पेश करते समय मेघवाल ने कहा कि बिल के माध्यम से लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें नारी शक्ति के लिए आरक्षित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से एससी एसटी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाएगा, इसलिए जनगणना और डीलिमिटेशन आवश्यक है। संविधान के आर्टिकल 82 में पहले से ही प्रावधान है डीलिमिटेशन की व्यवस्था दी गई है।

# भारत एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोक सभा में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की इस शानदार उपलब्धि पर देशवासियों को बधाई दी। श्री बिरला ने कहा कि इन उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है और वैश्विक स्तर पर हमारे देश का कद बढ़ा है। 23 अगस्त, 2023 के ऐतिहासिक दिन का उल्लेख करते हुए, बिरला ने इस तथ्य की सराहना की कि उस दिन भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अथक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो ब्रह्मांड के सुदूरतम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करते आए हैं । इस बात का उल्लेख करते हुए कि भारत ने चंद्रयान-3 की सफलता को विश्व के वैज्ञानिक समुदाय और पूरी मानवता को समर्पित किया है, श्री बिरला ने यह भी कहा कि प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा से जो अमूल्य जानकारी भेजी है, उससे अंतरिक्ष के बारे में मानव ज्ञान में वृद्धि होगी और भावी खोजों का मार्ग प्रशस्त होगा।



23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह एक ऐसा दिन होगा जो आने वाली पीढ़ियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। चंद्रमा पर चंद्रयान-2 के पदचिह्न का नाम 'तिरंगा प्वाइंट' और चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि ये नाम भारत की सदियों पुरानी विरासत के प्रति सम्मान के साथ ही हमारी वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाओं और प्रयासों के प्रतीक भी हैं। बिरला ने कहा कि चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम होने के साथ ही, भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी शक्ति और लोगों की प्रतिभा और क्षमता के उदय के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मिशनों में बड़ी संख्या में महिला वैज्ञानिकों ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जो नए भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान को दर्शाता है। सभा को यह सूचित करते हुए कि दोनों मिशन पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित किए गए हैं, श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि जो बात भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को दूसरों से अलग करती है, वह सभी परियोजनाओं की कम लागत है जिससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा का परिचय भी मिलता है।

ओम बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री बनने से बहुत पहले से ही प्रधान मंत्री जी की अंतरिक्ष में गहरी रुचि रही है और चंद्रयान मिशन से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। श्री बिरला ने कहा कि कोविड-19 के समय, जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष सहित देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए इस संकट का उपयोग एक अवसर के रूप में किया। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले कुछ वर्षों में अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये उपलब्धियाँ भावी पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी भारतीय 2047 तक एक विकसित भारत के लिए मिलकर काम करने के लिए स्वयं को पुन: समर्पित करेंगे ।

# चंद्रयान-3 को फिर जगाने की कोशिश करेगा इसरा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के एक बार फिर जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से 22 सितंबर को संपर्क करने की कोशिश करेगा।

- दक्षिण ध्रुव पर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी,
- इसरो आज संपर्क करने की कोशिश करेगा

इसरो के मुताबिक, लैंडर और रोवर के सोलर पैनल पर सूरज की रोशनी पड़ते ही ये काम करना शुरू कर सकते हैं। इसरो ने 4 सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया था। इससे पहले 2 सितंबर को प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। लैंडर ने स्लीप मोड में जाने से पहले पेलोड्स के जरिए चांद पर नई जगहों की जांच-पड़ताल की थी। उसके बाद ही विक्रम लैंडर को सोने का कमांड दिया गया। फिलहाल सारे पेलोड्स बंद हैं। सिर्फ रिसीवर ऑन है, ताकि वह बेंगलुरु से कमांड लेकर फिर से काम कर सके।

### 14 दिन तक उजाला रहता है

चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर एक दिन होता है। इतनी ही बड़ी रात होती है। यानी चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रात के दौरान चांद के साउथ पोल पर तापमान माइनस 238 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो पावर जनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी। पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे और खराब हो जाएंगे।

*जम्मू-कश्मीर में फिर डराने लगी आतंकियों की मौजूदगी*

# कनाडा की एडवाइजरी से पर्यटन व्यवसाय पर मंडराया खतरा

• **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर में जी-20 सम्मेलन के बाद कश्मीर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के प्रति जो दावे किए जा रहे थे अब उस संभावनाओं पर दो कुठाराघात हुए हैं। पहला, सात दिनों तक चली अनंतनाग की जंग जिसमें पहली बार आतंकी 3 बड़े अफसरों की जान लेने में कामयाब रहे।

इसमें पहली बार युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल हुआ था और दूसरी ओर अब कनाडा सरकार द्वारा अपने नागरिकों के लिए जम्मू-कश्मीर जाना प्रतिबंधित किए जाने से अमेरीका द्वारा पहले ही ऐसी एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। जी-20 के बाद यह दावा किया जाने लगा था कि कश्मीर में विदेशी टूरिस्टों की संख्या में 700 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। असल में ऐसा कई देशों द्वारा अपने नागरिकों पर कश्मीर जाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के कारण हुआ था। पर अब यह खुशी नदारद होने लगी है। कारण स्पष्ट है। अनंतनाग में आतंकवाद के इतिहास की सबसे भयानक जंग, जिसमें एक ओर 3 आतंकी थे और दूसरी ओर 3 हजार जवान, ने कश्मीर के प्रति अन्य देशों की सरकारों का नजरिया फिर से बदल दिया है। एक लंबे अरसे के बाद कश्मीर आने वाले विदेशी टूरिस्टों की संख्या में भारी उछाल आया था। प्रशासन कहता है यह जी-20 की बैठक का नतीजा है। इस साल चाहे रिकार्ड तोड़ 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने अभी तक जम्मू कश्मीर का दौरा किया है पर कश्मीरियों को सबसे ज्यादा खुशी विदेशी पर्यटकों के आने से हो रही है, चाहे विदेशी पर्यटकों की संख्या मुट्ठी भर ही है।

पर अभी अब कनाडा और अमेरीका द्वारा अपने

**अभी तक 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने किया जम्मू-कश्मीर का दौरा**

नागरिकों पर जम्मू कश्मीर जाने पर लगाई गई पाबंदियों के कारण पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखी हैं। अनंतनाग की जंग से पहले पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि इस बार सर्दियों में कश्मीर की खूबसूरती निहारने विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आएगें। पर अब ऐसी उम्मीद क्षीण होने लगी है। इसमें कनाडा द्वारा ताजा विवाद के बाद अपने नागरिकों को जारी की गई ताजा एडवाइजरी भी शामिल है जिसमें जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर सबसे खतरनाक इलाकों की सूची में डाल दिया गया है। दरअसल अनंतनाग देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए एक अहम स्थान रखता है जिसमें पहलगाम, अमरनाथ यात्रा, बेताब व अरू वैली जैसे पर्यटनस्थल शामिल हैं। अब इस इलाके में आतंकियों की मौजूदगी सबको डराने लगी है। पहलगाम में होटल चलाने वाले अब्दुल समद कहते थे कि पहलगाम के पहाड़ों पर ट्रैकिंग को आने वाले विदेशी पर्यटकों ने अब बुकिंगें कैंसिल करनी भी आरंभ कर दी हैं। जो कश्मीर के पर्यटन के लिए चिंता की बात है। वैसे इस साल अभी तक कोई ज्यादा विदेशी पर्यटक कश्मीर नहीं आए। इनकी संख्या 18000 के लगभग है जो पिछले एक दशक में बहुज ज्यादा मानी जा रही है। हालांकि आने वाले कुल पर्यटकों की संख्या के मुकाबले यह आंकड़ा ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही है। यह आंकड़ा जनवरी से अगस्त के अंत तक का है। पर वे देसी पर्यटकों की संख्या के आगे भारी इसलिए पड़ते थे क्योंकि जहां देसी पर्यटक 3 से पांच दिनों तक ही कश्मीर में रुकते थे तो विदेशी पर्यटक कम से कम दो सप्ताह और कभी कभी तीन महीने तक का कार्यक्रम बना कश्मीर की खूबसूरत वादियों का नजारा ले रहे हैं। यही नहीं खर्च के मामले में भी विदेशी पर्यटक सबसे आगे माने जाते हैं। एक हाउसबोट वाले रियाज अहमद के बकौल, देसी पर्यटकों का बजट कुछ भी नहीं होता है पर विदेशी पर्यटक जन्नत का नजारा लुटने को लूटने को भी तैयार रहते हैं।

## महिला आरक्षण को जल्द लागू करना चाहिए : नीतीश

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित हो गया। इसे जल्द लागू करना चाहिए। जनगणना नहीं होने के कारण इसमें देरी होगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग तो शुरू से चाहते हैं कि महिला आरक्षण बिल पास हो, अब यह लोकसभा से पास हो गया है। महिला आरक्षण को जल्दी से लागू करना चाहिए। ये लोग जनगणना नहीं करवाये हैं, इसलिए इसमें देरी होगी। उन्होंने कहा कि इस काम को और तेजी से करना चाहिए जिस तरह से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, उसी तरह से इसमें पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। जाति आधारित जनगणना की मांग से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग 'यंगर एज' से इसकी मांग करते रहे हैं। जनगणना का काम वर्ष 2021 में होना चाहिए था, जो नहीं हुआ, ये सब काम करा दिए जायेंगे तो लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों का यही उद्देश्य है कि महिला आरक्षण बिल जल्द लागू हो जाए, इससे महिलाओं का काफी उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1931 से जनगणना का काम किया जा रहा है। प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना का काम किया जाता है, यह पिछली बार नहीं किया गया, ये अच्छी बात नहीं है, जल्दी से इस काम को शुरू करना चाहिए। महिला आरक्षण को लागू करने में इन्हें देरी होगी, जब महिला आरक्षण लागू हो जाएगा तो मुझे बहुत खुशी होगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात के प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेताओं से हमारी मुलाकात होती रहती है।

*अनियमित बारिश से कृषि उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा*

# एशियाई विकास बैंक ने भारत का विकास पूर्वानुमान घटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को निर्यात में कमी और अनियमित बारिश के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए 2023-24 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास अनुमान को पहले के अनुमानित 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया, क्योंकि कम बारिश के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा है।

- विकास पूर्वानुमान 6.3 फीसदी किया
- मौसम का पैटर्न अनियमित हो गया

हालांकि, एडीबी ने उच्च निजी निवेश और औद्योगिक उत्पादन के दम पर 2024-25 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। उसे उम्मीद है कि इस वर्ष के शेष और अगले वर्ष के दौरान सरकारी पूंजीगत व्यय में उपभोक्ता विश्वास में सुधार के साथ मजबूत घरेलू खपत और बड़े पैमाने पर निवेश सहित निवेश से विकास को गति मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, विकासशील अल नीनो के प्रभाव में मानसूनी वर्षा के कारण मौसम का पैटर्न अनियमित हो गया है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और विशेष रूप से अगस्त में कम बारिश शामिल है। अनियमित वर्षा पैटर्न के कारण विशेष रूप से चावल की फसल को नुकसान हुआ है और खरीफ सीजन में दालों की बुआई कम हुई है। इसने कृषि क्षेत्र की वृद्धि के अपने अनुमान में लगभग एक प्रतिशत की कटौती की है। एडीबी ने 2023-24 के लिए भारत के लिए अपना मुद्रास्फीति अनुमान भी पिछले 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ी, जिससे दक्षिण एशिया की समग्र मुद्रास्फीति दर में वृद्धि हुई। यदि भारत का कृषि उत्पादन कमजोर होता है और चावल निर्यात प्रतिबंध जारी रहता है, तो इससे विकासशील एशिया में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

## विधानसभा में बहस के दौरान गायब रहने वाले विधायकों पर तृणमूल कांग्रेस करेगी कार्रवाई

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस ने उन विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला किया है, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा के पिछले दो महत्वपूर्ण सत्रों के दौरान बिना उचित आधार के और पार्टी के मुख्य सचेतक को सूचित किए बिना गायब थे। पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भविष्य में ऐसे दोषी विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करेंगी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में पार्टी की अंतर-अनुशासन समिति ने बुधवार देर शाम एक बैठक में निर्णय लिया, इसकी अध्यक्षता राज्य के संसदीय कार्य और कृषि मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने की। बैठक में राज्य के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, राज्य के बिजली मंत्री अरूप विश्वास और कोलकाता के मेयर और राज्य नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**महिला आरक्षण तुरंत लागू....** जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि कुछ संवैधानिक व्यवस्थाएं होती हैं। सरकारों को संवैधानिक तरीके से काम करना होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दो चीजें आवश्यक हैं, पहला, जनगणना और फिर न्यायिक निकाय के माध्यम से जन सुनवाई।

**लोकसभा में चीन पर....** कब्जा किया है। इस पर राजनाथ सिंह ने अधीर रंजन चौधरी को संबोधित करते हुए फिर कहा कि, पूरी हिम्मत है, अधीर जी इतिहास में मत ले जाओ, चर्चा के लिए तैयार हूं। सीना चौड़ा करके चर्चा के लिए तैयार हूं।

**कुलियों से बात कर राहुल....** गांधी ने भोजन करने के लिए बंगाली मार्केट, जामा मस्जिद इलाके का दौरा किया था और फिर यूपीएससी उम्मीदवारों के साथ बातचीत करने के लिए मुखर्जी नगर इलाके का दौरा किया था। वह छात्रों के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी पुरुष छात्रावास में भी गए थे और फिर ट्रक चालकों से उनके दर्द को समझने के लिए हरियाणा के मुरथल से अंबाला तक ट्रक में यात्रा की थी। गांधी ने धान की रोपाई के मौसम के दौरान कृषि भूमि का भी दौरा किया था और हरियाणा के सोनीपत में किसानों से बातचीत की थी, दिल्ली के करोल बाग इलाके में बाइक मैकेनिक की दुकानों का दौरा किया था, सब्जियों की आसमान छूती कीमतों के बीच आजादपुर मंडी का दौरा किया था। उन्होंने यहां अपने आवास पर दोपहर के भोजन पर सोनीपत के किसानों और सब्जी विक्रेता रामेश्वर को भी अलग से आमंत्रित किया था। हाल ही में उन्होंने लोगों से बातचीत करने के लिए लद्दाख, लेह और कारगिल क्षेत्र में मोटरसाइकिल यात्रा भी की।

**आदि शंकराचार्य के दर्शन में....** यात्रा की प्रेरणा मिली। जूना पीठाधीश्वर के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान अच्छे शासक, प्रशासक होने के साथ ही उच्च कोटि के उपासक भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी जीवन साथी के सद्कार्यों में सहायक बनती हैं।

हरिद्वार के परमानंद गिरि ने कहा कि आज मनुष्य छोटी-छोटी बातों में फंसा हुआ है, इन छोटी बातों को जड़ से उखाड़ फेंकना है अर्थात इन्हें समाप्त कर एकता और वेदांत के विचार को प्रचारित करना होगा। वरिष्ठ विचारक सुरेश सोनी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परम्परा के प्रति स्थानों का विकास हो रहा है। केदारनाथ, अयोध्या, काशी और उज्जैन में महाकाल लोक से राष्ट्रवासियों का ध्यान आकर्षित हुआ है।

कार्यक्रम से संत वर्चुअली जुड़े, इस दौरान विभिन्न पीठों के जगदगुरू शंकराचार्य ने लाइव एकात्म धाम के लिए शुभकामना संदेश दिए। जगदगुरू शंकराचार्य, शारदा पीठ और श्रृंगेरी श्री विधुशेखर भारती महास्वामी, जगदगुरू शंकराचार्य शारदापीठ द्वारिका सदानंद सरस्वती, जगदगुरू शंकराचार्य कांची कामकोटि पीठ, कांचीपुरम स्वामी विजयेन्द्र सरस्वती वर्चुअली जुड़े। उन्होंने मुख्यमंत्री के समाज के कल्याणकारी कार्यों जैसे मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में संस्कृति मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर ने आध्यात्म के इस कार्यक्रम में संतों के पहुंचने और नागरिकों के शामिल होने पर सभी का आभार माना।

**संतों के साथ किया प्रदर्शनी....** पुस्तकों का विमोचन हुआ। न्यास के सौजन्य से निर्मित एकात्म धाम फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। वहीं ब्रह्मोत्सव में न्यास द्वारा फिल्म शंकर के निर्माण की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने यहां फिल्म निर्माता श्री आशुतोष गोवारीकर और उनकी पत्नी को सम्मानित किया। श्री चौहान ने शिवोहम की छह नृत्य शैलियों के नृत्य गुरुओं को भी सम्मानित किया।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।